हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026



# जगंल के बीच मिला तेन्दुआ का शव, वन विभाग ने कहा-प्राकृतिक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिले के डोंगरगढ़ और खैरागढ़ के बीच स्थित वन क्षेत्र में शुक्रवार को एक बार फिर तेन्दुआ का शव मिला है। मामला डोंगरगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत रानीगंज क्षेत्र का है, जहां एक तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया। बीच जंगल तेंदुआ का शव मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।वन विभाग के अनुसार मृत तेंदुआ का डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया तथा बाद में दाह संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। विभाग का दावा है कि तेंदुआ को आंतरिक चोंट (इंटरनल इंज्यूरी) थी और उसकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार विभागीय अमले को आज सुबह जंगल के बीच में एक तेंदूए की मौत की जानकारी मिली। विभागीय अफसरो की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच में यह पाया गया कि तेदूए की मौत शिकार से नहीं बल्कि प्राकृतिक हुई है। इसके बाद तेंदूए का पोस्टमार्टम कराया गया और फिर उसका दाह संस्कार किया गया। तेदूए की मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएं भी सरगर्म हो रही है।

## जंगल में तेंदुआ के शव मिलने की महीनेभर के भीतर ही दूसरी घटना, ग्रामीणों में दहशत

### ग्रामीण पर किया था हमला

ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ही ग्राम लोझरी में जंगल से नीम की पत्तियां लेने गए एक ग्रामीण पर तेंदुआ ने हमला कर दिया था। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि जंगलों में भोजन की कमी, बढ़ती मानवीय गतिविधियां और जंगल के भीतर अवैध आवाजाही तेंदुओं को आबादी वाले क्षेत्रों की ओर धकेल रही है। इसी कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष अब जानलेवा रूप ले रहा है।



### तीन सप्ताह पहले भी मिला था शव

ज्ञात हो कि करीबन तीन सप्ताह पहले भी इस क्षेत्र के जंगल में तेंदुआ का एक शव मिला था। बताया गया कि खैरागढ़ वनमंडल के कोपेनवागांव-मुढ़ीपार क्षेत्र में जंगल से कुछ दूरी पर राजस्व भूमि में तेंदुआ का शव संदिग्ध हालत में उस दौरान शव बरामद किया गया था। मृत तेंदुआ को देखकर तत्काल वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया था। उस दौरान जांच में पता चला था कि तेंदुआ के चारों पैरों के नाखून और जबड़ा गायब थे। घटनास्थल के आसपास खून के धब्बे भी मिले हैं। इस मामले में भी जांच जारी है।

### प्राकृतिक मृत्यु

जंगल के बीच में तेंदूआ की प्राकृतिक मृत्यु हुई है। पोस्टमार्टम के बाद दाह संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई है।

- **आयुष जैन**, डीएफओ

## खबर संक्षेप

### जीण माता महोत्सव पर शोभायात्रा आयोजित

**राजनांदगांव।** जीण माता महोत्सव के दो दिवसीय आयोजन को लेकर आज शहर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। श्री जीण माता सेवा समिति द्वारा जीण माता महोत्सव पर शहर के उदयाचल मैदान में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। जीण माता महोत्सव की शुरूआत शोभायात्रा से की गई। यह कलश शोभायात्रा सत्यनारायण धर्मशाला कामठी लाइन से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जीण धाम उदयाचल मैदान परिसर पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्मप्रेमी श्रद्धालु भक्ति भजन में झूमते रहे। समिति के पदाधिकारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि जीण माता महोत्सव का यह 9वां वर्ष है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा से आयोजन की शुरूआत हुई है और रविवार को भी विभिन्न आयोजन उदयाचल प्रांगण में किए जाएंगे। जीण माता महोत्सव के दो दिवसीय इस आयोजन में कल 04 जनवरी को अमरावती की श्रीमती संगीता खंडेलवाल द्वारा शक्ति मंगल पाठ किया जाएगा। वहीं कोलकाता के कलाकारों द्वारा नृत्य-नाटिकाओं का संगीतमय आयोजन किया जाएगा। वहीं महोत्सव के आयोजन में चुनरी उत्सव, गजरा उत्सव, मेहंदी उत्सव, छप्पनभोज और रात्रि 8 बजे से महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

## माय एंगल




# घरेलू विवाद पर पिता ने गोली मार कर की बेटे की हत्या, पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम कुवारदल्ली में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। पिता ने भरमार बंदूक से बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी है। वहीं पत्नी भी इस वारदात में गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। घटना में मौके पर ही 22 वर्षीय बेटे की मौत हो गई और गंभीर रूप से घायल महिला को ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया है। रात से ही अंबागढ़ चौकी पुलिस की टीम गांव में मौजूद है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी हाथ में बंदूक लेकर फरार हो गया है।

घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि कुवारदल्ली निवासी आरोपी संत कुमार 48 साल गांव के बाहर जंगल किनारे ईट बना रहा है। रात को किसी बात को लेकर उसकी पत्नी शांतिबाई के साथ विवाद हो गया। विवाद के बीच शांतिबाई ने पति द्वारा झगड़ा-तकरार करने की जानकारी फोन पर अपने बेटे शेखर उईके को दी। जिसके बाद तत्काल शेखर ईट भट्ठा में पहुंचकर अपने पिता को मां के साथ हो रहे वाद-विवाद पर समझाईश दे रहा था। जिसके बाद अतिक्रोध में आकर पिता ने भरमार से बेटे के ऊपर गोली दाग दी।

## घटना के बाद बंदूक लेकर आरोपी फरार, जांच शुरू

### पूर्व में भी चला चुका गोली



थाना प्रभारी अश्वनी राठौर ने जानकारी देते बताया कि पूर्व में भी अपने परिवार और अन्य ग्रामीणों के ऊपर भरमार बंदूक से गोली चला चुका है। जिसमें आर्म्स एक्ट के तहत उसकी गिरफ्तारी भी हो चुकी है। इस दफा आरोपी ने बंदूक से अपने ही बेटे की हत्या कर पत्नी को घायल कर दिया है। हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बेटे की मौके पर ही मौत

इस घटना में शेखर उईके की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बंदूक का छर्रा शांतिबाई के जबड़ा में धंस गया, जिसे ग्रामीणों और परिजनों ने एम्बुलेंस बुलवाकर अस्पताल पहुंचाया है। रात को घटना के वक्त वारदात स्थल पर ईंट बनाने वाले प्रत्यक्षदर्शी गांव का दानीराम, उसका बेटा ओकेश कुमार, बहू खिलेश्वरी वहां मौजूद थे, जो मृतक शेखर को किसी तरह बचाने की कोशिश में गांव के बाहर भट्टे से उसके घर तक पहुंचाया, तब तक शेखर की मौत हो चुकी थी।

### फरार हो गया है आरोपी पिता

भरमार बंदूक से गोली चलाकर अपने बेटे की हत्या और पत्नी को घायल करने के बाद आरोपी संत कुमार मौके से फरार हो गया है, जिसे अंबागढ़ चौकी पुलिस की अलग-अलग टीम रात से ही सरगर्मी से तलाश कर रही है।

0 **राजनांदगांव।** नए साल के बाद से मौसम में तब्दीली का दौर जारी है। शनैः शनैः ठंड का असर दोपहर को कम होने लगा है। हालांकि रात के समय ठंड का अच्छा खासा अहसास किया जा रहा है। माना जा रहा है कि 14 जनवरी मकर संक्रांति से मौसम में और भी परिवर्तन आएगा।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं...
मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुशांत
MBBS, MD (General Medicine)
DNB Neurology Raipur
- लकवा (स्ट्रोक)
- मिर्गी आना (एपिलेप्सी)
- सर दर्द (माइग्रेन)
- गर्दन एवं कमर में दर्द
- हाथ पैर में झुनझुनाहट
- सायटिका
- पार्किसन्स
- याददास्त कम होना
- रात में नींद न आना
- डिप्रेशन
- मस्तिष्क ज्वर (ब्रेन फीवर)
- डायबेटिक न्यूरोपैथी
- जोड़ों का दर्द (गठियावात)
- चक्कर आना
- हाथ पैर में कंपन
- ब्रेन एवं नसों से संबंधित समस्त समस्याएं

OPD:11 PM to 4.00 PM (प्रत्येक शनिवार)
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# जमीन विवाद पर पिता की हत्या करने वाला आरोपी बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीन-जायदाद, पैसा बंटवारा व पुरानी बात को लेकर बेटे ने पिता से मारपीट किया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में जांच करते पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 जून 2025 को शेख बशीर पिता शेख बिसारत 75 साल निवासी ग्राम भटगुना को 19 जून 25 को उसका बेटा शेख सलीम 26 साल द्वारा मारपीट करने से घायल होने पर ईलाज हेतु परिजनों द्वारा सीएचसी डोंगरगांव लाया गया था। मुर्तजरर की बहू से पूछताछ करने पर आरोपी शेख सलीम पिता शेख बशीर 26 साल साकिन भटगुना द्वारा हाथ-मुक्का से मारपीट करना बताने पर थाना डोंगरगांव में धारा-296, 115(2), 351(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। जिसकी मृत्यु 23 जून 25 को होने से प्रकरण धारा 109(1), 103(1) बीएनएस जोड़ी गई। आरोपी गिरफ्तार किया जा चुकां है।



### मामले की जांच में जुटी थी पुलिस

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिसोदिया के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा थाना डोंगरगांव की टीम गठित कर अपराध विवेचना एवं आरोपी पतासाजी किया जा रहा था।

### रंजिश के चलते हाथ-मुक्के से मारपीट

पुलिस के मुताबिक विवेचना के दौरान आरोपी शेख सलीम पिता शेख बशीर 26 साल साकिन भटगुना से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार कर बताया कि 19 जून 25 को अपने अब्बू शेख बशीर को बोला कि जमीन-जायदाद का पैसा बंटवारा किसी को मत दो, मेरा छोटा बच्चा है, उसी के नाम से करेंगे। इसी बात पर विवाद-झगड़ा हुआ और मारपीट केस में एक हफ्ता पहले ही जेल भिजवा दिया था। इसी रंजिशवश आरोपी शेख सलीम द्वारा मृतक शेख बशीर को मरते दम तक हाथ-मुक्के से मारपीट किया। जिससे मृतक के चेहरे पर कई जगह चोंट आई और ईलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर थाना प्रभारी डोंगरगांव, प्रधान आरक्षक संदीप देशमुख, आरक्षक धर्मेन्द्र मांडले, जीतेश साहू, चंद्रप्रकाश हरमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अंचल में दिखा छेरछेरा पर्व को लेकर उत्साह

# छेरछेरा: सुबह से टोलियां बनाकर दान मांगने निकले बच्चे, गूंजे पारंपरिक दोहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहारों में शामिल छेरछेरा पूर्णिमा बड़े ही धूमधाम से शनिवार को मनाया गया। अविभाजित जिले के सभी इलाकों में छेरछेरा पर्व का जश्न देखने को मिला, जहां बच्चे, युवा सहित बुजुर्ग अपनी टोलियां बनाकर दान मांगने के लिए निकले। इस दौरान पारंपरिक दोहे की गूंज भी सुनाई देती रही।

इधर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला मुख्यालय, प्रमुख नगर सहित ग्रामीण अंचलों में सुबह से बच्चे टोलियों में निकले है और घर-घर जाकर छेरछेरा मांगते हुए नारा देते हुए कह रहे हैं छेरछेरा, माई कोठी के धान ला, हेर हेरा। पौष माह की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह छेरछेरा पर्व केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन दान की परंपरा का उत्सव भी है। छेरछेरा पर्व का मूल भाव यह है कि इस दिन अन्नदान को एक बड़ा पुण्य माना गया है। क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों सहित शहरी ग्रामीण क्षेत्र में आज भी छेरछेरा की परंपरा जीवंत है।



राजनांदगांव। शहर में भी छेरछेरा पर्व की बिखरी खुशियां।

### चावल, नगद का लिया दान



उल्लेखनीय है कि छेरछेरा पर्व के तहत बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस पर्व में समान रूप से भाग लेते हैं। घरों में चावल, धान या नगद राशि दान स्वरूप दी जाती है। इस अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में शनिवार सुबह से बच्चे, युवा, युवती टोली बनाकर एवं बाजे-गाजे व डंडा नाच के साथ छेरछेरा मांगने निकले हुए हैं। आज शनिवार सुबह लगभग 6 बजे से यह छेरछेरा पर्व बड़े ही उत्साह के साथ इस वनांचल क्षेत्र में मनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में बच्चे, युवा व युवती अलग-अलग टोली बनाकर छेरछेरा मांगने निकले हैं।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
24x7 EMERGENCY SERVICES
निशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर
दिनांकः 05 जनवरी 2026, सोमवार | समयः सुबह 11 बजे से 3 बजे तक
शिविर में उपलब्ध सुविधाएं
- विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
- मुफ्त फाइब्रोस्कैन (लिवर की कठोरता) जांच
- लिवर से संबंधित समस्याओं पर महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव


डॉ. अभिजीत जैन
MBBS, MS
MCh
(Surgical Gastroentrology)

कौन शामिल हो सकते हैं?
- फैटी लिवर की समस्या है
- शराब का सेवन करने वाले लोग
- हेपेटाइटिस की हिस्ट्री वाले लोग
- लिवर की किसी भी बीमारी का पारिवारिक इतिहास
- जिन्हें भी लिवर में वसा (फैट) की मात्रा की जांच करवानी हो

निशुल्क थायरॉयड जांच शिविर
दिनांकः 01 से 31 जनवरी 2026, सोमवार से शनिवार
समयः 03 बजे से 05 बजे तक
शिविर में उपलब्ध सुविधाएं
- विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
- निशुल्क थायरॉइड जांच
- थायरॉइड से संबंधित समस्याओं पर महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव

मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट

डॉ. रजत देब
MBBS, MD (Medicine)
DM (Endocrinology)

कौन शामिल हो सकते हैं?
- बच्चे एवं समस्त आयु वर्ग के लोग
- थकान, वजन बढ़ना या घटना की समस्या हो
- घबराहट, दिल की तेज धड़कन
- बाल झड़ना, त्वचा का रूखापन
- बच्चों में बढ़त/ग्रोथ का रूकना
- महिलाओं में मासिक धर्म व गर्भधारण की समस्या

पंजीयन के लिए संपर्क करें
0788-4052040 | 77730 10941
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691
Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप

### माता बहादुर कलारिन की प्रतिमा स्थापित

**छुरिया।** शिकारी महका में सिन्हा कलार समाज ने आराध्य देवी माता बहादुर कलारिन की मूर्ति स्थापित किया है। स्थापना के मौके पर शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता शिव शंकर डडसेना ने की। कार्यक्रम में संतोष सिन्हा, चंद्रिका डडसेना, ठाकुराम, राजकुमारी सिन्हा, शकुन बडोले शामिल हुए। अतिथियों ने पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर ठाकुराम सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, बैशाखू सिन्हा, हाकम सिन्हा, चेतन सिन्हा, दिनेश साहू, संदीप साहू, कौशल साहू, सियाराम सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।



### बैठक में शामिल हुईं विधायक

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका सामान्य सभा की बैठक में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सम्मिलित हुईं। बैठक में उन्होंने शहर के विकास हेतु चर्चा किया। बैठक में शामिल होने विधायक के पहुंचने पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सांसद प्रतिनिधि तरण हथेल, सीएमओ खिरोद भोई, पार्षदों एवं कर्मचारियों ने स्वागत किया। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज सिंह सहित अन्य भी शामिल हुए।



### वृद्धाश्रम में मनाया गया नववर्ष

**डोंगरगढ़।** जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभाटा में हर्षोल्लास के साथ नव वर्ष मनाया गया। वरिष्ठ नागरिकों को मिठाइयां बाटी गई। इस अवसर पर संचालिका नलिनी मेश्राम, एसजी मेश्राम, योगा थेरेपिस्ट मंजू धनकर, अमृत रजक, ललिता मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।



### पूर्व मंत्री पहुंचे देवी के दरबार

**डोंगरगढ़।** पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने परिजनों कपहुंच कर विधिविधान से मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना किया। इस दौरान उन्होने ट्रस्ट द्वारा संचालित हाईटेक चिकित्सालय का अवलोकन किया। ट्रस्ट समिति की जनकल्याणकारी योजना एवं दर्शनार्थियों को मिलने वाली सुविधा पर चर्चा की। श्री साहू का प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रदीप शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गटटानी, पालिका के पूर्व अध्यक्ष धीरज मेश्राम, ट्रस्टी हरिश भंडारी, शिशुपाल भारती, अशोक साहू ने स्वागत किया।



### एनएसएस शिविर का समापन

**ठेलकाडीह।** उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा बखत की रासेयो इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन मरकामटोला में किया। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को जिला पंचायत सदस्य भुनेश्वरी देवांगन, सरपंच इनदिया बाई, जीवन देवांगन, शैलेश साहू, पंचायत सचिव द्वारिका कन्नौजे ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की पूजा अर्चना किया गया। स्वागत गीत संगीता बारले ने प्रस्तुत किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम में नशा मुक्ति, साक्षरता, स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। परियोजना कार्य अंतर्गत गांव, गली, तालाब घाटों की सफाई किया गया। रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शिविर का संचालन कार्यक्रम प्रभारी युवराज साहू, सेवकराम साहू, मनीषा भीमते, कांति यादव ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन शैलेश साहू ने किया।



### शोभायात्रा में जमकर थिरके लोग

**चौकी।** निकटवर्ती ग्राम बिहरीकला में ग्रामीणों ने सावित्रीबाई फुले जयंती एवं शाकंभरी जयंती श्रद्धा के साथ मनाया। मरार पटेल समाज के सामाजिकजनों ने ग्रामवासियों के सहयोग से शोभायात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया।



### कबीर सत्संग समारोह 10 से बोदेला में

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम बोदेला में सदगुरू कबीर सत्संग आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आगामी 10 से 12 जनवरी तक कबीर सत्संग समारोह ज्ञान यज्ञ का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में प्रमुख उपदेशक लहरतारा काशी के धर्माधिकारी सुधाकर दास शास्त्री साहेब शामिल होंगे। इस दौरान संत गौतम दास, संत टुकेश्वर दास, संत अनुपम दास, संत रामदास, संत दिनेश दास सहित आसपास क्षेत्र के संत महंत की उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति के हेमंत साहू, अमरनाथ साहू ने बताया कि प्रथम दिवस सुबह 10 बजे शोभायात्रा, दीप प्रज्वलन, स्वागत के बाद सत्संग का शुभारंभ होगा। 11 जनवरी को गुरू महिमा पाठ, सत्संग भजन, प्रवचन, 12 जनवरी को सत्संग प्रवचन, सामूहिक सात्विक यज्ञ चौका आरती, भेंट बंदगी, आरती पूजा, प्रसाद वितरण होगा। इसी क्रम में 13 जनवरी को ग्राम में मंडई का आयोजन किया गया है। यह जानकारी हिरामन साहू ने दी।

### बिल्हरी मड़ई 5 को

**डोंगरगढ़।** ग्राम बिलहरी में 5 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में रंजीत चक्रधारी कृत नाचा गम्मत काका भतीजा सरायपाली का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी शिव कुमार सिन्हा ने दी।

### टुरीपार मड़ई आज

**घुमका।** ग्राम टुरीपार में कल 4 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्राम के राम कृपाल वर्मा ने बताया कि रात्रि में पांडादाह जंगल पुर का छत्तीसगढ़ी लोक परब कार्यक्रम रखा गया है।

---

### निर्माण के औचित्य पर खड़े हुए सवाल, सुरक्षा को लेकर नागरिकों में चिंता

# तीन किमी लंबी सड़क के डिवाईडर में 40 क्रासिंग, बढ़ेंगे हादसे, होगी लोगों की मौत

## अस्त-व्यस्त निर्माण से भविष्य में बढ़ेगी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

नगर की मुख्य सड़क का चौड़ीकरण कार्य जारी है जो शायद एकमात्र ऐसी सड़क है जिसका काम पूरा होने का नाम ही नहीं ले रहे है और जो हो भी रहा है उसे पर सवाल खड़े हो रहे हैं किन्तु ठेकेदार के आगे बेबस प्रशासन और पक्ष- विपक्ष के जनप्रतिनिधि कुछ नहीं कर पा रहे हैं। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग की देखरेख में डिवाईडर का निर्माण और रंगरोगन का कार्य किया जा रहा है। जो डिवाईडर बनाया गया है उसके औचित्य पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं। जानकारी के अनुसार पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में बगदई नदी से गांधी पेट्रोल पंप तक करीब 3 किमी सड़क चौड़ीकरण के लिए लगभग 18 करोड़ की मंजूरी मिली थी। जैसे तैसे सड़क चौड़ीकरण का काम पूरा हो गया। वर्तमान में डिवाईडर बनाने के साथ उसका रंगरोगन किया जा रहा है।

तीन किमी के दायरे में जो डिवाईडर बनाया गया वह अपने आप में अदभुत नजर आ रहा है। देखने से साफ है कि डिवाईडर बिना किसी मापदंड के बनाकर केवल खानापूर्ति किया जा रहा है जो भविष्य में दुर्घटना का बड़ा कारण बनेगा।

उल्लेखनीय है कि सड़क पर डिवाईडर वाहनों की आवाजाही एक निश्चित दिशा से सुनिश्चित करने बनाया जाता है और निश्चित दुरी पर वाहनों और लोगों की सुविधा के लिए क्रासिंग बनाया जाता है किन्तु शहर में ऐसे किसी मापदंड का पालन नहीं कि या



### बेबस हुए भाजपा- कांग्रेस के नेता

शहर के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर जनप्रतिनिधि पूरी तरह फेल साबित हो रहे है। सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस नेताओं ने जनता से मुंह फेर लिया है तो भाजपा नेताओं को इटिंग, मीटिंग और सीटिंग से फुरसत नहीं मिल रही है। सरकार होने के बाद भी प्रशासन भाजपा नेताओं की सुन नहीं रहा है जिसके चलते वह कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

### जनप्रतिनिधियों की सुविधा का ख्याल

शहर में जिस तरह से डिवाईडर बनाया गया है उसे हादसों को रोकने अथवा जनसुविधा के लायक तो कतई नहीं कहा जा सकता। देखने मात्र से साफ है कि केवल प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखकर जहां क्रासिंग बना दिया गया है। तीन किमी लंबी सड़क पर बने डिवाईडर में 40 जगहों पर क्रासिंग बना दिया गया है। फव्वारा चौक से अबागढ़ चौकी ओर 28 क्रासिंग बनाए गए है तो राजनांदगांव की ओर 12 जगहों पर क्रासिंग बनाया गया है। फव्वारा चौक, गौतम होटल के सामने जहां सर्वाधिक दुर्घटना की आशंका रहती है के एक लंबे हिस्से में डिवाईडर बनाया ही नहीं गया है।

---

## नर्मदा में उल्लास से मनायी गई मां शाकम्भरी जयंती



**सड़क अतरिया।** गंडई राज कोसरिया पटेल समाज ने नर्मदा में शनिवार को शाकम्भरी जयंती श्रद्धा भक्ति से मनाया गया। मंदिर से अवंती चौक तक कलश यात्रा निकाला गया जिसमें बालिका, महिला एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। जयकारा एवं भजन कीर्तन के साथ यात्रा शाकम्भरी मंदिर पहुंची जहां विधि विधान के साथ मां शाकम्बरी की पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान किया गया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। इस मौके पर समाज के गौरव युवक युवती आदि का सम्मान किया गया। सुमधुर श्री शक्ति जस झांकी सिलघट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोमश पटेल, मोतीराम पटेल, सुरेश पटेल, पवन पटेल, प्रकाश पटेल, देव सिंह पटेल, खोरबहरा पटेल, तुलाराम पटेल, गुनीराम पटेल, पुनीत पटेल, बलवंत पटेल, बालु पटेल, विसंभर पटेल, हरिश चन्द्र पटेल, रूपसिंह पटेल, मोहंगी पटेल, नरेन्द्र पटेल, नारद पटेल, राम दुलार पटेल, बंधु पटेल, सुखदेव पटेल, सरपंच वंदना लालचंद पटेल, यशवंत पटेल, मोहन पटेल, दिलेश्वर पटेल, रिखी पटेल सहित अन्य शामिल हुए।

### शिव महापुराण कथा 13 से

**अंजोरा।** चिंगरी में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन 13 से 19 जनवरी तक बस्ती पारा बाजार चौक में रखा गया है। कथावाचक महेन्द्र पाण्डे होंगे। कार्यक्रम का आयोजन माँ अम्बे दुर्गोत्सव नवयुवक मंडल, साहू समाज, दिल्लीवार समाज, ठेठवार समाज, यादव समाज, आदिवासी धुव गोंड समाज, सतनामी समाज, पटेल समाज, महार समाज, धीवर समाज, रजक (धोबी) समाज, सेन समाज के सहयोग से रखा गया है। कार्यक्रम के तहत 13 जनवरी को कलश यात्रा, बेदी पूजन, महात्म सृष्टि विस्तार होगा। आगामी 14 जनवरी को शिव तत्व महिमा, नारद मोह, 15 को कुबेर चरित्र, शिव झांकी, शिवरात्रि महिमा,16 को रुद्राक्ष एवं बिल्व पत्र की उत्पत्ति, 17 को समुद्र मंथन, गंगा अवतरण, दक्ष चरित्र,18 को सती चरित्र, पार्वती शिव विवाह और 19 जनवरी को कार्तिक जन्म एवं गणेश जन्म व विवाह, ज्योतिर्लिंग कथा, पार्थिव रुद्राभिषेक, हवन पूर्णाहुति, कपिला तर्पण होगा।

---

## शहर और गांव में छेरछेरा पर्व का दिखा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपोला

अंचल में शनिवार को धूमधाम से छेरछेरा पर्व मनाया गया। बच्चों ने घर घर जाकर छेरछेरा मांगा। गली मोहल्ले, गांवों में इस पर्व की झलक देखने मिली। उल्लेखनीय है कि फसल की कटाई और मिंजाई के बाद किसान के घर में धान की ढेरी लगी रहती है और किसान फुरसत में रहते हैं, तब छेरछेरा त्यौहार मनाया जाता है। इस पर्व में बच्चों की टोली सुबह से अन्न दान मांगने निकल पड़ती हैं। शाम को जितना धान एकत्र होता, उसे जमा कर सामूहिक भोज का आयोजन किया जाता है।

**पटेवा।** अंचल में महादान का पर्व छेरछेरा पुन्नी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। त्योहार को लेकर बच्चों में अच्छा खासा उत्साह देखने मिला। बच्चों ने टोली के साथ घर घर जाकर दान में अन्न संग्रहण किया। वही बुजुर्गों ने भी डंडा नृत्य के साथ छेरछेरा मांगने जुटे रहे।

### किलकारियों से गूंजा नगर

**छुईखदान।** छेराछेरा पर्व के मौके पर बच्चों ने समूह बनाकर नगर के विभिन्न मोहल्ले में दस्तक दी। बच्चों की खिलखिलाहट, उत्साह और पारंपरिक अंदाज़ ने पूरे माहौल को आनंदमय बना दिया है। बच्चे ने घर घर दस्तक देकर छेर-छेरा पर्व मनाया। बच्चों के एक समूह में एंजल, रोशनी, उजाला, माही, निशु और नफीसा ने अपनी चंचलता और खुशमिज़ाज अंदाज़ से पर्व मनाया। बड़ों ने भी बढ़-चढ़कर पर्व में भाग लिया।



### उल्लास से मनाया छेरछेरा पुन्नी

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को छेर छेरा पुन्नी उल्लास से मनाया गया। परम्परा अनुसार फसल कटाई मिजाई के बाद उत्पादित अनाज का एक हिस्सा किसानों द्वारा अलग से रख दिया जाता है जो पौष पुन्नी के मौके पर बच्चों को दान स्वरूप दिया जाता है। छोटे बच्चों को दोपहर ढलने का बेसब्री से इंतजार रहा। शाम होते ही गांव गांव में छोटे बच्चे नये अन्न की याचना करने घर घर पहुंचें और पारंपरिक लोकगीत गाकर दान स्वरूप धान, मुद्रा आदि की याचना किया।

किसान, मजदूर, दुकानदारों ने बच्चों को पुन्नी का दान कर प्रसन्नता जाहिर किया। दान पाकर बच्चे हर्षित नजर आए।



---

## मनरेगा कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

**डोंगरगढ़।** मनरेगा कर्मचारियों को बीते दो माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे हजारों परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मनरेगा में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को नवंबर- दिसंबर का वेतन अब तक नहीं मिला है। कर्मचारियों द्वारा बार-बार अनुरोध करने के बाद भी प्रशासन वेतन भुगतान को लेकर मौन है जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। मनरेगा कर्मचारी इन दिनों निजी खर्च पर फील्ड ड्यूटी निभा रहे हैं। आवागमन, मोबाइल, इंटरनेट, भोजन और आवास जैसी मूलभूत जरूरतों का खर्च वहन करने के बाद वेतन नहीं मिलना दुर्भाग्यजनक है।

### एचआर पालिसी नहीं

कर्मचारियों ने बताया कि मनरेगा कर्मचारियों के लिए एचआर पॉलिसी नहीं है। कर्मचारियों को अब तक सेवा सुरक्षा नहीं मिली है। सरकार ने अगस्त 2024 में मनरेगा कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन नीति बनाने समिति का गठन किया था, लेकिन आज तक मानव संसाधन नीति नहीं बनी है जबकि समिति को 15 दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना था। मनरेगा कर्मचारियों ने आर्थिक संकट को देखते हुए लंबित वेतन का भुगतान करने की मांग की है।

---

### योजना ने 11 बच्चों के दिलों को दी नई धड़कन

# चिरायु योजना ने लौटाई बच्चों की सांसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

छोटे से गांव में रहने वाले एक नन्हे बच्चे की सांसें दिन-ब-दिन कमजोर होते जा रही थीं। खेलने-कूदने की उम्र में थक जाना, बार-बार सीने में दर्द की शिकायत और माता-पिता की आंखों में बढ़ती चिंता यह उस परिवार की रोजमर्रा की सच्चाई बन चुकी थी।

आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह इलाज का खर्च उठा सकें और धीरे-धीरे उनकी उम्मीदें टूटने लगी थीं। इसी दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम एवं आंगनबाड़ी में की जा रही नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान बच्चे की पहचान की गई। जांच में पता चला कि बच्चा गंभीर हृदय रोग से पीड़ित है। यह जानकारी परिवार के लिए भयावह जरूर थी, लेकिन साथ ही एक नई उम्मीद भी लेकर आई चिरायु योजना।



### बच्चों को मिला नया जीवन

यह कहानी सिर्फ एक बच्चे की नहीं, बल्कि जिले के 11 बच्चों की है, जिनके दिलों को चिरायु योजना ने नई धड़कन दी है। यही नहीं योजना के माध्यम से जिले में अब तक त्वचा रोग से पीड़ित 74, दृष्टि दोष से ग्रसित 97, दंत रोग से 27, कान संक्रमण से 35, एनीमिया से 22, कुपोषण से 64 तथा अन्य बीमारियों से ग्रसित 43 बच्चों का निःशुल्क एवं सफल उपचार किया जा चुका है।

### खिलखिलाया बचपन

कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय खोब्रागड़े के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता दिखाते हुए बिना विलंब किए बच्चे को शासकीय वाहन से रायपुर भेजा गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उसका सफल ऑपरेशन किया। आपरेशन के बाद वह बच्चा मुस्कुराते हुए स्कूल जाता है, खेलता है और सपने देखता है।

### स्कूलों में सतत दस्तक

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में लगातार की जा रही स्वास्थ्य जांच ने सैकड़ों परिवारों की चिंता को राहत में बदल दिया है। जिन माता-पिता की आंखों में कभी डर और असहायता थी, आज वहीं आंखें कृतज्ञता और सुकून से भरी हैं। परिजनों का कहना है कि यदि समय पर चिरायु योजना का सहारा नहीं मिला होता, तो उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो सकता था।

---

## जयंती पर निकली शोभायात्रा, बाबा के आदर्शों को लोगों ने किया याद



■ जैतखाम पर जनप्रतिनिधियों ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोमनी

परमालकसा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। सामाजिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाला।

बाजे गाजे के साथ निकली शोभायात्रा में लोग नाचते झूमते नजर और चौक चौराहे में मोहल्लेवासियों ने पूजा किया। आवास पारा एवं जैतखाम में ध्वजारोहण किया गया। जयस्तंभ क्रमांक 1 में अधिवक्ता अमित देशलहरे, खुमान देशलहरे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जिपं सभापति देवकुमारी साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, सरपंच परमीला साहू, विकास बंजारे, तिलेश्वरी मारकंडे, मनीषा मारकंडे, हिरेंद्र साहू, प्रवीण बंजारे, वेदांत साहू, लिलेश्वरी साहू, सुनीती साहू, संगीता यादव, माखनलाल साहू, नारायण साहू, राजूलाल साहू, समेलाल साहू, भूषणलाल साहू, संजय साहू, दलबीरसिंह राजपूत, भुनेश्वर साहू आदि उपस्थित थे। शाम को आरती एवं मंगल गान किया गया। इस दौरान खुमान देशलहरे, देव कुमारी साहू ने बाबा के उपदेश को जनमानस को बताया। अंत में अतिथियों की स्मृति चिन्ह भेंट तथा प्रसाद वितरण किया गया।

### घोरतलाव मड़ई आज

**टाटेकसा।** ग्राम घोरतलाव में कल 4 जनवरी को मेला मंडई का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में अमर ज्योति नाच पार्टी कुलहारदो का कार्यक्रम रखा गया है।यह जानकारी नरवन कुमरे, देवानंद सहारे ने दी।

## खबर संक्षेप



### चैतन्य को जमानत कांग्रेस कार्यकर्ता खुश

**छुईखदान।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद छुईखदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और इसे न्याय की जीत बताया। उल्लेखनीय है कि चैतन्य बघेल पिछले छह माह से जेल में निरुद्ध थे। हाईकोर्ट से जमानत की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया। जमानत मिलने की सूचना मिलते ही जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, कमलेश यादव, जयराम मंडावी सहित अन्य देर रात भिलाई पहुंचे जहां कांग्रेस नेता नवाज खान, कोमल साहू, जितेंद्र गौर, राजा सोलंकी, रिंकू गुप्ता पहले से उपस्थित थे के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंट कर चैतन्य बघेल को जमानत मिलने पर शुभकामनाएँ दी। कार्यकर्ताओं ने न्यायालय के आदेश को न्याय की जीत बताया। वहीं कांग्रेस नेता नवाज खान एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे, जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं परिजनों से मुलाकात की।

### सांसद कप राजनांदगांव प्रीमियर लीग 13 से





**राजनांदगांव।** सांसद कप राजनांदगांव प्रीमियर लीग का भव्य आयोजन सांसद संतोष पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा ने कहा सांसद कप राजनांदगांव प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन आगामी 13 से 25 जनवरी तक किया जाएगा। यह रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता नगर के म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में संपन्न होगी। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य राजनांदगांव क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के युवाओं को खेल के माध्यम से एकजुट करना, खेल भावना को बढ़ावा देना तथा स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में राजनांदगांव नगर के सभी वार्डों से एक-एक टीम भाग लेगी। जिससे प्रत्येक वार्ड को समान अवसर मिलेगा। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच 10-10 ओवर का होगा और एक गेंदबाज अधिकतम 3 ओवर गेंदबाजी कर सकेगा। टीमों को मैच से 30 मिनट पूर्व पहुंचना अनिवार्य होगा तथा टॉस 20 मिनट पूर्व किया जाएगा।जिसमें प्रथम इनाम 100000 और दूसरा इनाम 51 हजार रखा गया है। आयोजन समिति ने क्रिकेट प्रेमियों, युवाओं तथा वार्डवासियों से इस टूर्नामेंट में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

### परिवहन होने से धान खरीदी निर्बाध जारी



**चिचोला।** महाराजपुर सोसाइटी में धान का परिवहन तेजी आ गई है। उल्लेखनीय है कि 2024 और 2025 में समय पर परिवहन नही होने से धान खरीदी बंद करने की नौबत आ गई थी जिसे देखते हुए इस साल धान उठाव शुरू कर दिया गया है। समय पर धान का उठाव होने से खरीदी के लिए जगह की कमी नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार सोसायटी में अब तक 38790 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। सोसायटी के अधीन आने वाले 5 गांव के पंजीकृत 1169 किसानों में से 774 धान बेच चुके हैं। किसानों से लिकिंग में 2 करोड़ 95 लाख 61 हजार 235 रुपए वसूल किया जा चुका है। समिति प्रबंधक केजराम यादव ने बताया कि नियमानुसार धान खरीदी एवं परिवहन किया जा रहा है।किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

खदानों के विरोध में उमड़ा जनसैलाब: छावनी बना हनईबन

# प्रदर्शन : 3 साल तक लड़ेंगे और खदानों को जड़ से उखाड़ फेकेंगे

## किसानों के महापंचायत में पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

धरती माता की रक्षा करेंगे, अपनी जमीन नहीं बेचेंगे जैसे नारों के साथ ग्राम हनईबन के बड़े मैदान में किसानों और ग्रामीणों ने महापंचायत कर शासन-प्रशासन को सीधी चुनौती दे दी है। संडी के बाद अब हनईबन क्षेत्र में प्रस्तावित लाइम स्टोन खदानों के विरोध में किसान अधिकार संघर्ष समिति के नेतृत्व में ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। इस दौरान किसानों ने स्पष्ट किया कि उनकी यह लड़ाई एक-दो दिन की नहीं, बल्कि अगले 3 वर्षों तक चलने वाली आर-पार की जंग है।

आंदोलन को रोकने के लिए प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी थी। गंडई एसडीएम कार्यालय के घेराव की अनुमति नहीं दी गई, सड़कों पर भारी वाहनों को रोका गया और जगह-जगह पुलिस की टुकड़ियां तैनात रहीं। इसके बावजूद हजारों की संख्या में किसान हनईबन के मैदान में डटे रहे। कार्यक्रम का आगाज भारत माता के पूजन के साथ हुआ, जिसमें ओजस्वी वक्ताओं ने प्रशासन पर छल करने का आरोप लगाया।



### एसडीएम को सौंपे गए दो कड़े ज्ञापन

आक्रोश को देखते हुए गंडई एसडीएम अविनाश ठाकुर स्वयं सभा स्थल पहुंचे, जहां उन्हें किसान अधिकार संघर्ष समिति द्वारा दो महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपे गए। इन ज्ञापनों में स्पष्ट मांग की गई है की दनिया-अतरिया-उदयपुर-हनईबन संपूर्ण परिक्षेत्र में प्रस्तावित खनन और सीमेंट फैक्ट्री परियोजना को सदैव के लिए रद्द किया जाए। हनईबन लाइम स्टोन ब्लॉक के लिए भविष्य में दोबारा ई-नीलामी या टेंडर जारी न किया जाए। संडी लाइम स्टोन ब्लॉक के लिए भविष्य में दोबारा जनसुनवाई की कोई तारीख तय न की जाए।

### सोशल मीडिया पर वायरल आदेश एक साजिश

मंच से वक्ताओं ने प्रशासन द्वारा वायरल किए गए टेंडर स्थगन के आदेश को किसानों के मनोबल को तोड़ने की साजिश बताया। किसानों ने सवाल उठाया कि अगर आदेश 9 दिसंबर का है, तो उसे 3 जनवरी के आंदोलन के ठीक पहले 2 जनवरी को क्यों सार्वजनिक किया गया? आदेश की कॉपी पर किसी विभाग की सील या हस्ताक्षर क्यों नहीं है? यह केवल एक स्थगन है, जबकि मांग पूरी तरह से निरस्तीकरण की है।

### त्रिफसली धरती को बचाने की शपथ

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सौरभ जंघेल, कामदेव जंघेल, संजु चंदेल, मन्नू चंदेल, राजू ठाकुर, लुकेश्वरी जंघेल, प्रियंका जंघेल, सुधीर गोलछा, गिरवर जंघेल, मोती जंघेल सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि यह क्षेत्र उपजाऊ और त्रिफसली है। यहां 4 खदानें खुलने से पूरा इलाका बर्बाद हो जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि कोई भी अपनी जमीन खदानों के लिए न बेचे। साथ ही बताया गया कि हमारी लड़ाई एक दो दिन की नही है हमें 3 सालों तक लड़ाई लड़नी है । हमारी एकता ही हमे जीत दिलाएगा। 3 सालों की लड़ाई में हमे तोड़ने मरोड़ने और अफवाहों के साथ मतभेद कराने का प्रयास किया जाएगा। हमे टूटना, बिखरना और मतभेद नही करना है। संडी की जनसुनवाई हम सब की एकता का परिचय है जिसका श्रेय दूसरे लेने की कोशिश कर रहे है परंतु हमने एक होकर लड़ाई लड़ा है जिसके परिणाम स्वरूप जनसुवाई रद्द हुई है। हमे लगातार एक होकर लड़ाई लड़ते रहना है। बता दे कि पूरे कार्यक्रम के दौरान लोगों को जोड़े रखने और मंच का ओजस्वी संचालन श्रवण जंघेल द्वारा किया गया।

## आधी रात अपराधियों की तलाश में निकल रहे 'ब्लैक पैंथर'



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सड़कों पर आधी रात 01 बजे के बाद पुलिस के ब्लैक पैंथर की नजर रहती है, जो संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग करते हैं। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा ठंड के दिनों में रात्रिकालीन समय में घटित होने वाले संपत्ति संबंधित अपराध के नियंत्रण के लिए यह नवीन पहल की गई है। कड़ाके की ठंड के बीच भी लगभग पूरी रात ब्लैक पैंथर के पुलिस जवान सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं, जो रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक जगहों के अलावा सूनसान क्षेत्र में भी पहुंचकर आधी रात बेवजह भ्रमण करने वालों को भी समझाइश दे रहे हैं। वही संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तलाशी ले रहे हैं। इन जवानों द्वारा आधी रात दिखने वाले लोगों की बारीकी से चेकिंग की जा रही है।

ब्लैक पैंथर स्क्वायड के चार बुलेट वाहन पर लाल व नीली बत्ती और सायरन लगा हुआ है, जो आधी रात लोगों को सुरक्षा का अनुभव कर रहे हैं। ब्लैक पैंथर के जवान एक क्विक एक्शन टीम के तौर पर भी तैनात है, जो सूचना मिलने पर त्वरित मौके पर भी पहुंचेंगे। पुलिस की नियमित पेट्रोलिंग से अलग बनाए गए इस दल से चोरियों के मामलों में भी कमी आएगी।

### लाइव लोकेशन से मॉनिटरिंग

ब्लैक पैंथर स्क्वाड को रात 01 बजे शहर में रवाना किया जाता है, जो तड़के 4.30 बजे तक बाइक पेट्रोलिंग के माध्यम से गश्त करते हैं। गश्त शुरू करते ही पुलिस जवानों द्वारा विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में अपना लाइव लोकेशन डाला जाता है, जो सुबह 4.30 बजे तक चलता। इस लाइव लोकेशन की मॉनिटरिंग खुद एसपी अंकिता शर्मा करती है।

### अपराध रोकने के उद्देश्य से गठन

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि रात्रि में होने वाले संपत्ति संबंधित अपराधों को रोकने के उद्देश्य से इस दल का गठन किया गया है, जो नियमित पेट्रोलिंग पार्टी के अतिरिक्त है। उन्होंने बताया कि ब्लैक पैंथर दस्ते में चार बाइक पर 8 जवान तैनात है, जो आधी रात संदिग्ध व्यक्ति, वाहन दिखने पर चेकिंग करते हैं। एसपी ने कहा कि इस दल के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जहां सभी जवान रोज गश्त से पहले अपनी लाइव लोकेशन डालते हैं।

## ऑनलाइन हाजरी, साइबर अपराध की जिम्मेदारी किस पर

### शिक्षक फेडरेशन ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लगातार साइबर अपराध की बढ़ती घटना के बावजूद सरकार द्वारा पहली से बारहवीं तक शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य जानकारी उनके पर्सनल मोबाइल में विद्या समीक्षा केंद्र ऐप को डाउनलोड कराने से नाराज छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन आपत्ति दर्ज की है।

जिलाध्यक्ष रामलाल साहू के नेतृत्व मे फेडरेशन पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया साथ ही पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि जिले के सुदूर क्षेत्रों के गॉवों के स्कूलों में नेटवर्क की समस्या है। वीकेएस सही समय पर जानकारी अपलोड नही कर पाता जिसके चलते निर्धारित समय पर उपस्थित होने के बाद भी विभाग के एप मे उपस्थिति दर्ज नही हो पा रही है। उन्होंने आए दिन हो रहे साइबर अपराध की घटना को लेकर बताया कि बीते महीने भर से जिले के सैकड़ो शिक्षकों के साथ ट्रांसफर, अश्लील वीडियो देखने, डीईओ, बीईओ से शिकायत करना, शाला अनुदान की राशि की जानकारी, पैसे की डिमांड, नौकरी चले जाने का भय दिखाकर डराने धमकाने जैसी घटना लगातार हो रही है जिससे शिक्षको मे डर का माहौल है।

### बताया डर का कारण

फेडरेशन ने कहा कि साइबर फ्राड करने वाला पूरे शिक्षक की कुंडली खंगालने के बाद अपना काम करता है। नाम, पदनाम, स्कूल, विकासखंड, जिला का डेटा यदि किसी कारणवश लीक हुआ तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। ऑनलाइन हाजिरी को लेकर ऐप इंस्टॉल कराया जा रहा है उसमें कर्मचारी कोड, मोबाइल नंबर, स्कूल नाम और कोड, लोकेशन जैसी चीजे अपलोड करनी पड़ रही है और यह सब शिक्षकों को अपने पर्सनल मोबाईल से करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी शिक्षक के साथ अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी किस अधिकारी की होगी यह स्पष्ट तौर पर तय होना चाहिए अन्यथा ऑनलाइन के लिए प्रत्येक स्कूल में डिवाइस, कंप्यूटर, सर्वर की व्यवस्था करने के बाद ही यह नवीन व्यवस्था करना चाहिए। इस दौरान खैरागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सोनी, छुईखदान अध्यक्ष टीकाराम देशमुख, संजूराम कंवर, ज्योति अग्रवाल, जयंतिका सिंह, प्रियंका कटरे, अनामिका मेश्राम, कुसुमलता धुरव, दीपिका सिंह, लेखराम वर्मा, लोकनाथ देवांगन, शिवचरण वर्मा, दोदेश्वर चंदेल, राजेश लोधी, रघुनाथ वर्मा, कोमल कोठारी, विक्रम सिंह ठाकुर, संजीव धुर्वे, तारण धुर्वे, टेकराम सिन्हा, प्रद्युम्न कुर्रे, नंदकिशोर शर्मा, प्रमोद रामटेके, बलिराम वर्मा, दिलीप वर्मा, कृष्ण वर्मा, सुधीर नायक, सहित अन्य उपस्थित थे।

## राजनीति में धर्म या धर्म के सहारे राजनीति स्पष्ट करे राष्ट्रीय वक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के खैरबना में चाय वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री के मुखार विंद से श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। कथा पूर्व मीडिया से चर्चा करते हुए आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने अपनी पढ़ाई, परिवार को लेकर बात की वही वर्तमान में सनातन संस्कृति और धर्म को लेकर बेबाक टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रवचन, सत्संग में किसी प्रकार की फीस नही ली जाती, अध्यात्म का ज्ञान निशुल्क वितरित किया जाता है, लेकिन कुछ राष्ट्रीय वक्ता जो सनातन का धर्म ध्वजा लिए घूम रहे है उनके द्वारा कथा को बीच मे रोककर प्रतिष्ठित व्यक्ति को सम्मान और आर्शीवाद देना गलत संस्कृति के साथ साथ व्यास पीठ का अपमान भी है।

इस परंपरा को निभाने वाले हर संत का व्यक्तिगत विरोधी होने की बात के साथ उन्होंने कहा कि राजनीति में धर्म होना चाहिए, धर्म में राजनीति का प्रवेश गलत है। उन्होने कहा कि कुछ संत सुर्खियो में बने रहने उंटपटांग बयान जारी करते है। इसके लिए साधु संत ही जिम्मेदार है। संत को धन, वैभव, सांसारिक जीवन से दूर होना चाहिए। सुरक्षा के लिए बाउंसर रखना साधु की पहचान नही है।

### धर्मांतरण को रोकने आध्यात्म ही सहारा



सनातन में जागरूकता लाने चमत्कार में भरोसा मत करे, जितना इंतजार श्रद्धालु मुझसे अपने बारे में जानने के लिए करते है उतना समय कथा श्रवण, सत्संग में व्यतीत करे तो जीवन का कष्ट खुद ब खुद दूर हो जाएगा। धर्मांतरण को लेकर बात रखते हुए कहा कि इसके पीछे वजह साधु संत ही है क्योकि धर्म को व्यापार बना दिया है। कथा स्थल पर आदमी को आध्यात्म से नही जोड़ना इसका मूल कारण है। सनातन और अध्यात्म ही धर्मांतरण को रोक सकता है।

### परोपकार ही संत की पहचान

गरीबी ने उस मुकाम तक पहुँचा दिया कि जीवन गुजारने चाय का ही सहारा बचा और शायद इसी के कारण पूरा संत समाज और देश दुनिया मुझे चाय वाले बाबा के नाम से जानती है। आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने कहा कि हालांकि शुगर पेशेंट होने के बाद उन्होंने 2024 से आहार लेना प्रारंभ कर दिया है। आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने कहा कि संत का ना घर होता है ना व्यापार उसका कर्म है सनातन की शिक्षा और संस्कृति की रक्षा, जिसके मन में परोपकार है वही संत है। गौरतलब है कि बीते 27 दिसंबर से खैरबना मे पितरो की स्मृति मे जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष आयश सिंह बोनी के निवास पर चाय वाले बाबा के मुखारविंद से श्रद्धालु श्रीमद भागवत कथा का रसपान कर रहे है। शनिवार को भोग भंडारा हवन पूजन के साथ कथा का समापन हुआ।

### 2022 में बता दिया था सीएम का नाम

आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने कहा कि प्रदेश में कौन सीएम बनेगा विषय को लेकर राजनीतिक विश्लेषक, संत सब सब साइलेंट हो गए लेकिन 2022 मे मैने बता दिया था कि रेणुका सिंह का नाम लगभग तय है लेकिन अंतिम समय मे सीएम के रूप मे विष्णुदेव साय की ताजपोशी तय है इसी तरह पीएम के रूप में मोदी का नाम और राजग की सदस्य संख्या भी मैने पहले ही सार्वजनिक कर दी थी। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में सत्ता शीर्ष मे परिवर्तन की संभावना प्रबल है। अध्यात्म, संत और सनातन तीनों एक दूसरे से जुड़े हुए है लेकिन जब संत राजनीति की ओर जा रहा है इसका मतलब उसके जीवन मे अध्यात्म शेष नही है। सनातन प्रेमी होने का आडंबर दिखा रहे है। कुछ राष्टीय संतो का नाम लेते हुए कहा कि बिना लंबी चौड़ी फीस लिए वो कही नही जाते। सच में सनातन को आगे बढ़ाना चाहते है तो मेट्रो सिटी से निकलकर गॉव का रूख करे। हिंदूत्व की चार बाते और मुस्लिम धर्म के खिलाफ बात करके लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच सकते है पर सनातन संस्कृति की नींव को मजबूत नही कर सकते।

## महापुरुषों ने किया मानवता को स्थापित



**खैरागढ़।** बीते पखवाड़े जिले के विभिन्न स्थानों पर सतनाम धर्म के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जहॉ आयोजित विविध कार्यक्रमों में जिपं के पूर्व सभापति विप्लव साहू दिलीपपुर, खुर्सीपार और नवागांव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में विप्लव साहू ने कहा कि समाज के विकास में अनेक महापुरुषों ने सोशल इंजीनियरिंग की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन्हीं महापुरुषों के अथक प्रयासों की बदौलत आज हमारा समाज सभ्य और विकसित हो पाया है। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों की फेहरिस्त में गुरु घासीदास बाबा का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने कहा कि अन्य महापुरुषों की भांति बाबा गुरु घासीदास ने भी अपना संपूर्ण जीवन मानवता की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया।

यही कारण है कि आज केवल एक विशेष समुदाय ही नहीं, बल्कि सर्व समाज उनके ज्ञान के आलोक से प्रेरित हो रहा है। इस दौरान रामकुमार जांगड़े, सीएस कोठले, त्रिभुवन साहू, नरेंद्र टंडन, प्रवीण बंजारे, नीतेश टंडन, सुखराम टंडन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरूआत



- सड़क सुरक्षा से जीवन रक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व मृत्यु दर शून्य, आम जनमानस में यातायात नियमों के प्रति संवेदनशीलता जगाने के उद्देश्य से नए साल के पहले महीने जिला पुलिस के राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का भव्य शुभारंभ किया गया।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन मजबूरी नहीं, जरूरी है। सड़क दुर्घटना को आंकड़ो से हिसाब से नही देखना चाहिए क्योकि एक दुर्घटना से कई हंसते खेलते परिवार उजड़ जाते है जिससे पारिवारिक, आर्थिक, मानसिक, शारीरिक आघात पहुंचता है। इस दौरान उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय आईएसआई मार्क हेलमेट और चार पहिया में सीटबेल्ट का अनिवार्य प्रयोग करने, नशे की हालत में वाहन चलाने से बचने और तेज रफ्तार के रोमांच से बचकर ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान सघन जागरूकता अभियान की कार्ययोजना बनाई गई है जिसे साथ यातायात सहित थाना व चौकी द्वारा पूरे जिले में चलाया जाएगा इस दौरान हाट-बाजारों में नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। व्यावसायिक चालकों के लिए निशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगेंगा, लाइसेंस बनवाने विशेष शिविर आयोजन सहित स्कूल-कॉलेजों में यातायात जागरूकता को लेकर कार्यशालाएं आयोजित होंगी।

इससे पहले जिला पुलिस के अधिकारियों व जवानों ने जन-जागरूकता व प्रचार प्रसार के लिए संयुक्त रूप से विशाल बाइक हेलमेट रैली निकालकर शहर में सुरक्षित ड्राइविंग का संदेश दिया। इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

कार्यकर्ताओं का स्नेह और सहयोग मेरी ताकत : पांडेय

## जिला भाजपा कार्यालय में मना सांसद का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोकसभा सांसद संतोष पांडेय का जन्मदिन जिला भाजपा कार्यालय में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के नेतृत्व में हर्षोल्लास साथ मनाया गया। भाजपा कार्यालय में उत्सव जैसे माहौल के बीच कार्यकर्ताओ ने सांसद का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया जिसके बाद केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।

कार्यकर्ताओं की शुभकामना स्वीकार करते हुए सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि कार्यकर्ताओं का स्नेह और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिशेषर साहू, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, खम्हन ताम्रकार, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला महामंत्री नवनीत जैन, टीके चंदेल, शशांक ताम्रकार, देवकुमार सेन, विनय देवांगन, भावेश कोचर, शत्रुघ्न साहू, गरजा चंद्राकर, नीलिमा गोस्वामी, अनिल अग्रवाल, राकेश ठाकुर, दिनेश वर्मा, गोरेलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### जनमानस के बीच मना जन्मदिन

सांसद संतोष पांडेय ने हर साल की तरह इस साल भी अपना जन्मदिन जनमानस के बीच सादगी, आत्मीयता और उल्लास के साथ मनाया। तुरकारी पारा स्थित मान सिंह भवन में उनके आगमन पर सारथी समाज सहित वार्डवासियों ने स्वागत किया। चंद्रप्रकाश सारथी, मंगल सारथी, दारा सारथी, यादो सारथी, सुरेंद्र सारथी, पूरन सारथी सहित अन्य ने गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया। पुरोहित पं घनश्याम तिवारी, पं लक्ष्मीनारायण तिवारी, पं दानेश्वर तिवारी व पं सुदर्शन तिवारी ने शंखनाद के साथ स्वस्तिवाचन कर पुष्पवर्षा की। जिसके बाद सांसद ने सारथी समाज के बच्चों के साथ केक काटा। कार्यक्रम में प्रशासनिक स्तर पर जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल,एसडीएम अंकेश्वर प्रसाद साहू ने भी सांसद को जन्मदिन की बधाई दी। जिला कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक प्रखर शरण सिंह, सगीर कुरैशी सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भवन पहुंचकर शुभकामना दी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, खम्हन ताम्रकार, लक्ष्मीचंद आहूजा, राकेश गुप्ता, राजीव चंद्राकर, टीलेश्वर साहू, बिशेसर साहू, हेमू साहू, लिमेश्वरी साहू, सूरज देवांगन, सुनील यादव, चंद्रशेखर यादव, विक्रांतचंद्राकर, राजू यादव, श्रीराम यादव, पप्पू गंगबोइर, निक्कू श्रीवास, उत्तम दशरिया, विजयप्रताप सिंह, गौतम सोनी, गोविंद पटेल, मकसूद खान, शमशुल होदा खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सार समाचार

### साइंस कॉलेज में मनाया गया वीर बाल दिवस



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 26 दिसंबर को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. निर्मला उमरे ने वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया। डॉ. उमरे ने कहा कि हर साल 26 दिसंबर के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उनकी वीरता एवं अद्वितीय बलिदान को याद किया जाता है। गुरू गोविंद सिंह के चार पुत्र जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिह, बाबा अजीत सिंह व बाबा जुझार सिंह थे। बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को बहुत कम उम्र में अनेक यातनाएं दी गई, उन्हें लालच भी दिया गया, फिर भी उन्होंने राष्ट्र भक्ति एवं धर्म परायणता को नहीं छोड़ा। उन्हें मुगलो द्वारा दीवार में चुनवा दिया गया। उन्होंने बहुत कम उम्र में धर्म, सच्चाई एवं मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। डॉ. उमरे ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें सिखाता है कि सच्चाई एवं आत्मसम्मान के लिए खड़ा होना सबसे बड़ा धर्म है। यह दिन उनकी वीरता, दृढ़ता एवं आस्था के प्रति समर्पण को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। अनिल चंद्रवंशी ने कहा कि सन् 1669 में गुरू गोविंद सिंह ने खालसा सेना का गठन किया। जिसका मिशन था लोगों को उत्पीड़न से बचाना। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जन कल्याण के लिए शिव महापुराण कथा



**राजनांदगांव।** शहर के नंदई वार्ड में वार्डवासियों एवं गौरीशंकर महिला मंडल द्वारा जनकल्याण के उद्देश्य से शिव महापुराण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर को लेकर आज महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। नई पीढ़ी को धर्म के प्रति जागरूक कर अध्यात्म से जोड़ने के लिए नंदई चौक दुर्गा मंच स्थल पर शिव महापुराण कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन 3 से 9 जनवरी तक किया जा रहा है। इस अवसर पर सिमगा वाले जय श्रवण महाराज अपने मुखारविंद से कथा श्रवण करवाएंगे। शिव महापुराण कथा के आयोजन को लेकर गौरीशंकर महिला मंडल की सीमा सिन्हा और सुनीता ने बताया कि महिला मंडल द्वारा शिव महापुराण का यह पहला आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी के बच्चे मोबाइल में व्यस्त हैं, जिन्हें धर्म के प्रति जागरूक करने और जनकल्याण के उद्देश्य से आयोजन किया जा रहा है। नंदई क्षेत्र से निकली कलश शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए कथास्थल दुर्गा मंच पहुंचकर संपन्न हुई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। वहीं शोभायात्रा के दौरान भगवान शिव-पार्वती की झांकी भी बनाई गई थी।

### महापौर ने रेवाडीह वार्ड का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव शनिवार सुबह ग्रामीण वार्ड रेवाडीह का निरीक्षण कर वार्डवासियों से मुलाकात कर मूलभूत सुविधा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कांजी हाउस का जायजा लेकर मवेशियों के लिए व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। वार्डो में जाकर वार्डवासियों से मुलाकात करने एवं उनसे मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी लेने की कड़ी में महापौर यादव आज सुबह रेवाडीह पहुंच वार्डवासियों से रूबरू होकर उनसे मूलभूत सुविधा के संबंध में चर्चा की। नागरिकों ने कहा कि कांजी हाउस रोड में नाली नहीं होने कारण पानी निकासी की समस्या आ रही है। पानी निकासी के लिए नाली बनाने की आवश्यकता है, इसके अलावा साफ-सफाई कराने एवं मेन रोड से फरहद चौक तक पर्याप्त विद्युत खंबा नहीं होने के कारण अंधेरा रहता है। जिससे आवागमन में परेशानी होती है। महापौर श्री यादव ने कहा कि निगम में प्रक्रिया कर नाली निर्माण जल्द कराया जाएगा। इसके अलावा विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा से सफाई व्यवस्था में और सुधार के निर्देश दिए। जिससे ग्रामीण वार्ड में संक्रामक बीमारी न फैले। महापौर यादव रेवाडीह कांजी हाउस का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था देख प्रभारी रमेश बघेल से मवेशियों के लिए पर्याप्त चारा-पानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मवेशी पकड़कर कांजी हाउस में रखने के पश्चात उसके देख-रेख का विशेष ध्यान रखा जाए, नियमित शुल्क से चारा-पानी दिया जाए तथा निर्धारित शुल्क लेकर मवेशी छोड़ा जाए। उन्होंने कांजी हाउस में आवश्यक व्यवस्था सुदृढ़ करने कहा। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद मुकेश बघेल सहित वार्डवासी एवं निगम का अमला उपस्थित था।

### कलेक्टर ने ली डाटा एंट्री ऑपरेटर की बैठक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में वास्तविक किसानों की उपज का ही खरीदी करना है। इसमें किसी प्रकार की गलती नहीं होनी चाहिए। किसानों को धान उपार्जन केन्द्रों में धान की बिक्री में दिक्कत नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। उन्होंने सभी को सजगता के साथ ईमानदारी से कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने अवैध धान खपाने का प्रयास करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर निडर होकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमाओं पर अवैध धान के परिवहन को रोकने लगातार मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी किसान को कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी मिलने पर फोन के माध्यम से सूचित कर सकते हैं। उनकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में भौतिक सत्यापन का कार्य सावधानी के साथ करने कहा। किसी भी प्रकार से बदलाव या अन्य कार्य करने पर पंचनामा अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए और इसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को देने कहा। उन्होंने स्टेकिंग के कार्य को अच्छे से कराने कहा। जिससे भौतिक सत्यापन सही तरीके से हो सके। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर ने सभी आरएईओ और पटवारियों से कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि एवं आशंका होने पर तत्काल सूचना दें। उन्होंने लगातार फील्ड का निरीक्षण करने कहा। जिससे उन्हें वस्तुस्थिति की जानकारी रहेगी। उन्होंने सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। धान की एंट्री, भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण के कार्य लगातार करते रहें। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में सतत निरीक्षण करें, ताकि सही तरीके से स्टेकिंग एवं अन्य कार्य हो सकें। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल अंतर्गत ऐसे किसान जो छूट गए है, उन्हें शीघ्र जोड़ने कहा। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी कार्य बंद नहीं होनी चाहिए। किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करने कहा।

## जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने बढ़ाई चिंता

# सड़क हादसे में फिर एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नववर्ष की शुरूआत जहां उत्सव, मेले और खुशियों के माहौल से होनी चाहिए थी। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसा चिंता और शोक का कारण बनते जा रहा है। शनिवार रात को चिल्हाटी थाना अंतर्गत खड़खड़ी मोड़ के पास हुए भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन ली। इस दर्दनाक दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

उल्लेखनीय है कि संयोगवश जिस दिन यह हादसा हुआ, उसी दिन चिल्हाटी में मेला-मड़ई का आयोजन था। मेला देखने जाने और लौटने वाले वाहनों की आवाजाही बढ़ने से सड़क पर भीड़ और तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे की आशंका पहले से बनी हुई थी कि खड़खड़ी मोड़ के पास दो मोटर साइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में चार युवक आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि शैलेन्द्र कुमार यादव पिता उमेंदी यादव निवासी टाटेकसा, जो मोटर साइकिल क्रमांक सीजी-08-एयू-6438 से यात्रा कर रहे थे, ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।




### तीन युवक गंभीर, राजनांदगांव रेफर

हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन युवकों को तत्काल अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घायलों में हालमकोडो निवासी सुमेर यादव भी शामिल है। जिनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

### पुलिस जांच में जुटी

चिल्हाटी थाना प्रभारी संजय मरावी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। मौके पर एक युवक की मौत हो चुकी थी। बाकी तीनों को अंबागढ़ चौकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उच्च स्तरीय इलाज हेतु राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मृतक का पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजन को सौंपा जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की बारीकी से जांच की जा रही है।

### नववर्ष में बढ़ते हादसे

एक जनवरी को भी कौड़ीकसा-मेटेपार के मध्य ब्रेक डाउन खड़ी ट्रक से मोटर साइकिल की भिंडत में बाइक सवार दो युवकों की जान जा चुकी है। नववर्ष के पहले ही दिन से लगातार हो रहे सड़क हादसों ने प्रशासन और आम नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। विशेषकर मेला-मड़ई और आयोजनों के दौरान यातायात व्यवस्था, गति नियंत्रण और पुलिस निगरानी होने के बावजूद हादसों का शिकार हो रहे हैं। जिला प्रशासन एक जनवरी से यातायात माह भी मना रही है। ग्रामीणों को अलग-अलग तरीके से जागरूक कर रही है। हेलमेट पहनना, नियंत्रित गति से वाहन चलाने, सीट बेल्ट बांधने, वाहन बीमा, लाइसेंस बनवाने, बिना नशे के गाड़ी चलाने और यातायात नियमों का पालन करने, ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डीलापहरी में 7 तक शिव महापुराण कथा

**राजनांदगांव।** ग्राम डीलापहरी में शिव महापुराण कथा का आयोजन समस्त महिला समूह एवं ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. अनिल कृष्ण तिवारी महाराज के श्रीमुख से शिव कथा ज्ञान रूपी गंगा प्रवाहित होगी। कथा के अंतर्गत 4 जनवरी को अंधक जन्म, जालंधर, गंगावतरण कथा, 5 को सोलह सोमवार, भष्मासुर कथा, पशुपतिनाथ कथा, 6 जनवरी को द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा, चढ़ोत्तरी, शोभायात्रा एवं 7 जनवरी को कंकण में शंकर, पूर्णाहूति, महाप्रसादी होगी।

### डेयरी उत्पादों पर निगरानी

**राजनांदगांव।** खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठानों में विनिर्मित एवं क्षेत्र में विक्रय होने वाले पनीर एवं अन्य डेयरी उत्पादों पर सघन निगरानी रखी जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा पनीर विनिर्माण करने वाले डेयरियों, पनीर का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों, पनीर के विभिन्न व्यंजन बनाने वाले होटल-रेस्टोरेंट कुल 8 स्थलों का औचक निरीक्षण कर जांच हेतु खाद्य नमूने संकलित किए गए।

# बालाजी मंदिर पुराने गंज चौक में हिंदू सम्मेलन का आज आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कालीमाई मंदिर भरकापार, रामाधीन मार्ग, गुडाखू लाइन, गंज लाइन एवं भारतमाता बस्ती द्वारा कल रविवार को बालाजी मंदिर पुराना गंज चौक में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन को विभिन्न धर्म गुरुओं के अलावा प्रसिद्ध भागवताचार्य श्री युवराज पांडेजी संबोधित करेंगे। संबोधन पूर्व समाज को संदेश देने नाट्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। सम्मेलन में हिंदू सम्मेलन आयोजित करने बनाई गई समिति के जिला अध्यक्ष पवन डागा एवं सचिव नीरज वाजपेयी भी उपस्थित रहेंगे।

उक्त जानकारी देते आयोजन समिति के सह-संयोजक योगेश बागड़ी ने बताया कि इस हिंदू सम्मेलन में बस्ती के मठ मंदिरों के पुजारी एवं विभिन्न समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा। सम्मेलन के पूर्व दोपहर 02 बजे से कालीमाई मंदिर भरकापारा, रामायण प्रचार समिति ब्राह्मणपारा एवं मां लक्ष्मी मंदिर समता मंच के पास से महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह तीनों ही जगह से निकली कलश यात्रा का संध्या 04 बजे तिरंगा चौक में समागमन होगा।

बस्ती संचालन समिति के संयोजक डॉ. मिथिलेश शर्मा का कहना है कि बालाजी मंदिर पुराना गंज चौक में श्री युवराज पांडेजी का आशीर्वाद प्राप्त करने जनसमुदाय में भारी उत्साह है। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम सामाजिक संस्था बाल समाज द्वारा संपन्न कराई जाएगी। सम्मेलन में सनातनियों को आमंत्रित करने एक विशाल बाइक रैली बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न स्थानों में लोगों को सम्मेलन में आमंत्रित करने निकाली गई थी।

# घर में घुसकर मारपीट, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पेंड्री के प्रार्थी टुकेश उर्फ बाबू के मंगेतर को आरोपी देवीलाल साहू द्वारा उनके जन्मदिन पर बधाई दिया था, जिस पर आपस में विवाद होकर आपसी समझौता हो गया था। 01 जनवरी को शाम 7 बजे प्रार्थी घर के बाहर आग ताप रहा था। उसी समय आरोपी सुनील मरकाम उर्फ टिर्रू, देवी, कमरान व बबलू प्रार्थी के घर आकर पुरानी बातों को लेकर प्रार्थी टुकेश उर्फ बाबू के साथ गाली-गलौज कर घर में घुसकर डंडा से मारपीट कर तथा धारदार चाकूनुमा कटारी दिखाकर जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5), 333 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### दो आरोपियों की तलाश

इस मामले में प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी सुनील मरकाम उर्फ टिर्रू एवं देवीलाल साहू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकूनुमा कटारी व बांस का डंडा को जब्त कर मामले में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया। प्रकरण के अन्य 2 फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।



## प्रकाश पर्व...



**राजनांदगांव।** सिख समाज के दसवें गुरू श्री गुरू गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सामाजिकगणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### मासिक बैठक 8 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव की मासिक बैठक 08 जनवरी को पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव में 01 बजे से आयोजित है। ज्योतिषराम यादव अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील डोंगरगांव ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील डोंगरगांव के प्रबंधन समिति का निर्वाचन पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। एचएल ढोमने एवं वायके गहरवार, जीआर अहीर, केशवराम साहू, पीएल मेश्राम, नामदेव साहू कार्यकारी अध्यक्ष, तोरणलाल साहू सचिव, मनबोधीराम माली कोषाध्यक्ष, ढोल कुमार देवांगन उपकोषाध्यक्ष, संगठन सचिव आरके श्रीवास्तव, तीरथराम देवांगन, रामकुमार ठाकुर, टीकाराम साहू, शोभितराम साहू, कृष्णालाल साहू ने सभी संरक्षकगण, पदाधिकारीगण एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की।

हरिभूमि
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि' प्राप्त करने, समाचार व विज्ञापन हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें...
'हरिभूमि' समाचार पत्र के स्थान पर यदि अन्य अखबार मिल रहा हो तो संपर्क करें-
अं.चौकी : उदयन राज त्रिपाठी 9406433993
मोहला : आभास शर्मा - 6260517094
पिनकापार : - 6268260462

### स्थानीय अवकाश घोषित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इसके अंतर्गत 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी, 19 अक्टूबर को दशहरा (महाअष्ठमी) एवं 11 नवंबर 2026 को भाई दूज (दीपावली) के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होगा।

## सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के अजय बने जिलाध्यक्ष



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के राजनांदगांव अध्यक्ष पद पर अजय रात्रे को नियुक्त किया गया है। वहीं अध्यक्ष रहे गुलाब चंदेल को नई जिम्मेदारी देते संगठन ने प्रदेश महामंत्री की कमान सौंपी है।

श्री रात्रे एवं श्री चंदेल समाज के प्रति सेवाभाव से समर्पित है। दोनों ही पदाधिकरियों की नियुक्ति पर अमित देशलहरे, खुमान देशलहरे, संजीव बंजारे, आनंदी चंदेल, भोज बंजारे, मलिखम कोसरे, पवन गायकवाड़, भीमसेन टंडन, वेणुका भारती, जागेश्वरी लहरे, रेखा कुर्रे, उमेश कोठले, करण कोसरे, भूपेंद्र महिपाल, डोमेन्द्र खरे, राजकुमार मांडले, सुभाष नारंग, संदीप डहरे, रोहित मांडले, सागर बंजारे, संजय कुर्रे, राजा राही, मिथलेश गायकवाड़, धर्मेंद्र भारती, आशु डहरिया, मनीष चतुर्वेदी, दानी मांडले, लोकेश खरे, क्रांतिकारी हेमेश जांगड़े, राकेश बंजारे, अजित महिपाल, धनेश्वर जांगड़े, हेमंत मार्कण्डेय, मिथलेश चंदेल, वेदप्रकाश बघेल, विकास बंजारे, राज खरे, अजय मार्कण्डेय, कुलदीप देशलहरे, सुरेंद्र जोशी, संजय रात्रि, सोनू कोसरे, लेखराम भारती, पूरण जांगड़े, भानु नारंग, पीलेश्वर बांधे, दिलीप भारती, योगेश बघेल, योगेश लहरे, रोशन भारती, रोशन बंजारे, रोहित चंदेल, शौर्य बारले, टिकेश्वर लहरे, नसीब रात्रि सहित समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## सर लुई ब्रेल जयंती पर आयोजन

# दृष्टिबाधित सम्मेलन में खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के महेश्वरी भवन में ब्रेल लिपि के आविष्कारक सर लुई ब्रेल की जयंती पर दृष्टिबाधितों के लिए दो दिवसीय दृष्टिबाधित महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों और महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश से दृष्टिबाधित शामिल हो रहे हैं। 3 से 4 जनवरी तक आयोजित दो दिवसीय इस सम्मेलन में लगभग दो सौ दृष्टिबाधित शामिल हुए हैं। इस आयोजन के माध्यम से दृष्टिबाधितों को खुशियां और उन्हें नई दिशा देने विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।



### आयोजन की सराहना

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के माध्यम से दृष्टिबाधितों को एक-दूसरे से मिलने का मौका मिलता है। इस आयोजन में शामिल होने वाले दृष्टिबाधितों ने इस तरह के आयोजन किए जाने पर खुशी जताई है। उद्घाटन अवसर पर एडिशनल कलेक्टर सीएल मारकंडे बतौर अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शुभकामनाएं दी।

### विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

आयोजन समिति के धन्नूलाल देवांगन ने बताया कि इस सम्मेलन में दृष्टिबाधितों के बीच ब्रेल रीडिंग, शतरंज, तत्कालिक भाषण, संगीत गायन, वादन, प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद, निबंध सहित अन्य प्रतियोगिताएं कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि देशभर के दृष्टिबाधितों को वर्ष में एक बार एकजुट करने को उद्देश्य से संस्कार श्रद्धांजलि के संस्थापक स्वर्गीय सतीश भट्टड़ द्वारा वर्ष 2006 से सर लुई ब्रेल की जयंती के अवसर पर दृष्टिबाधित सम्मेलन की शुरूआत की गई थी। अब इस सम्मेलन को दृष्टिबाधित विकास संघ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

स्वामी जी-93406-38884

स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**सौगात:** भाजपा सरकार बनने के बाद से निरंतर विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण को गति मिल रही

# विधायक ने 4.86 करोड़ से अधिक के सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा में क्षेत्र की सक्रिय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पक्की सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, छत्तीसगढ़ में डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद से निरंतर विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण को गति मिल रही है। जिससे हर व्यक्ति को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है। शुक्रवार को विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत 4 करोड़ 86 लाख 26 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले कुल 3 सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने 1 करोड़ 83 लाख 95 हजार की लागत से निर्मित होने वाले बगदई से कौड़िया सड़क, 1 करोड़ 57 लाख 44 हजार की लागत से निर्मित होने वाले बनिया से कारेसरा मार्ग एवं 1 करोड़ 44 लाख 87 हजार की लागत से गांगीबहरा से हथलेवा सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार विकास, सेवा और सुशासन के संकल्प के साथ जनाकांक्षाओं को पूरा करने प्रतिबद्ध है। सुदृढ़ सड़कें न केवल आवागमन को सरल बनाएंगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को भी नई दिशा देगी। हमारा यही प्रयास है कि हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और क्षेत्र की प्रगति हो। इसी कड़ी में आज 3 बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया और जल्द ही यह सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी जिससे क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा। गांव-गांव तक पक्की सड़क, बिजली एवं शुद्ध पानी की पर्याप्त आपूर्ति, विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों से क्षेत्र की आर्थिक प्रगति एवं जनता व किसानों का सशक्तिकरण के लिए हम सतत प्रयास कर रहें हैं। विगत 2 वर्षों में पंडरिया विधानसभा ने विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं। शहर से लेकर गांव और गांव से लेकर वनांचल व दूरस्थ क्षेत्रों तक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। विकास कार्यों के साथ ही किसानों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई बहुप्रतीक्षित सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण भी प्रारंभ हो चुका है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि आज डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा में योजनाओं का क्रियान्वयन से लेकर विकास कार्यों से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही हैं। महिला, युवा, किसान और हर समाज एवं वर्ग के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़कर पंडरिया की प्रगति में अपनी सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। जनता ने जिस विश्वास से हमें अपनी सेवा और क्षेत्र की तरक्की के लिए जनादेश दिया उसका सम्मान करते हुए हम दिन-रात कार्य कर रहें हैं और पंडरिया को समृद्ध, सशक्त और विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अवागम सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए निरन्तर प्रयास हो रहें हैं हाल ही में 16 सड़को के निर्माण हेतु 1 करोड़ 54 लाख रुपए से अधिक एवं बजट 2024-25 में स्वीकृत 3 सड़कों के निर्माण व मरम्मत हेतु 7 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है। भूमिपूजन के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष दुर्गा सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेश साहू, मंडल महामंत्री धरमपाल कौशिक, दारा सिंह राजपूत, तिलक सेन, सुदर्शन कुम्भकार, बसंत शर्मा, विकास वैष्णव, ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेश कौशिक, अरविंद राजपूत, देवनाथ यादव, बसंत बोहरा, राजू पारख, संजय साहू, प्रमोद मानिकपुरी, राजेश कौशिक जनपद सदस्य, सोमलाल साहू, खोमलाल कौशिक, डॉ शिव सिंह परमार, मनोज बंजारे विधायक प्रतिनिधि, कुम्भकर्ण सिन्हा, सुरेश कौशिक, गोपाल कौशिक, गिरधर साहू, अनिल वैष्णव, मोरध्वज साहू, ओमकार वैष्णव, लीलेश्वर वैष्णव, नीकू साहू, अजय निर्मलकर, दिनेश कौशिक, विनय परमार, गजाधर कौशिक, ओमप्रकाश वैष्णव, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।

**पंडरिया विधानसभा आज निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा**



### 400 करोड़ के विकास कार्य

भावना बोहरा ने बताया कि वर्तमान में पंडरिया विधानसभा में 400 करोड़ से अधिक के विकास कार्य, अधोसंरचना निर्माण एवं सिंचाई परियोजनाएं हो रहें हैं, जिससे क्षेत्र की अर्तव्यवस्था को गति एवं पंडरिया विधानसभा की जनता को सुविधा मिल रही है। आज पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास के साथ ही जनता की मूलभूत सुविधाओं, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का विस्तार, चौक-चौराहों व पुल-पुलियों का निर्माण, तालाबों एवं शहरों का सौन्दर्यीकरण, बिजली व पानी की पर्याप्त आपूर्ति एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास कार्य ध्रुव गति हो रहे हैं। पूर्ण पारदर्शिता के साथ उच्च गुणवत्ता के कार्यों से कांग्रेस शासन में 5 वर्षों तक उपेक्षित रहा हमारा पंडरिया विधानसभा आज निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है।

# पूरे देश में गौ-हत्या बंद हो व गौ-माता को राष्ट्र माता का सम्मान मिले: पं आनंद उपाध्याय

- पं आनंद उपाध्याय ने माता पार्वती और भगवान शिव के संवाद के माध्यम से गौ-माता के महिमा की चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा





ग्राम कुण्डा के समीपस्थ ग्राम झलियापुर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्रामाचार्य पं मनहरण शर्मा के मार्गदर्शन में और ओमप्रकाश के संचालन में पांच दिवसीय मानस प्रवचन का आयोजन किया गया है, जिसमें बाल व्यास पं हरे कृष्ण शुक्ला, नवोदित कथाकार कुमारी सृष्टि शुक्ला एवं धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय का तीन दिवसीय प्रवचन आयोजित है, वहीं द्वितीय दिवस के प्रवचन में शंकराचार्य के शिष्य धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले ने कहा कि गौतंत्र नामक ग्रंथ में माता पार्वती और भगवान शिव के संवाद के माध्यम से गौ-माता के महिमा की चर्चा की गई है, जिसमें बताया गया कि कलयुग के मनुष्यों के कल्याण के लिए माता पार्वती गाय बनी और भगवान शिव नंदी बने हैं। गौ-माता की सेवा से धर्म अर्थ काम और मोक्ष मिलता है गौ-माता की सेवा से ब्रह्म ज्ञान की भी प्राप्ति हो जाती है, जाबाल के पुत्र सत्यकाम ने गौ-माता की सेवा से ब्रह्म ज्ञान को प्राप्त किया था। आज के समय में सबसे अधिक आवश्यकता है गौ-वंश के सेवा की छत्तीसगढ़ सरकार गौ माता को राजमाता घोषित करें पूरे देश में गौ हत्या बंद हो गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान मिले गौ माता की सेवा से भोग और मोक्ष दोनों मिलता है। नवोदित कथाकार कुमारी सृष्टि शुक्ला ने माता शबरी का पावन प्रसंग सुना कर भगवान के दर्शन की महिमा बताई। बाल व्यास पं हरे कृष्ण शुक्ला जो कि अपने क्रांतिकारी ओजस्वी प्रवचन के लिए जाने जाते हैं उन्होंने अपने प्रवचन के माध्यम से कहा कि आज सबसे अधिक आवश्यकता है धर्म के रक्षा की राजा हरिश्चंद्र ने धर्म की रक्षा के लिए अपने परिवार को बेच दिया अपने आप को बेच दिया मगर धर्म का साथ नहीं छोड़ा धर्म की रक्षा करना सबसे बड़ा कार्य है हम धर्म की रक्षा करते हैं तो धर्म हमारी रक्षा करता है जब भैया लक्ष्मण को शक्ति लगी थी तब भगवान राम कहते हैं कि मैंने राज्य छोड़ा पिता को छोड़ा सीता को छोड़ना पड़ गया लक्ष्मण को छोड़ सकता हूं पर धर्म को नहीं छोड़ सकता। गौमाता की रक्षा करना सबसे बड़ा धर्म है। हम सभी को गौ सेवा और गौ रक्षा करनी चाहिए।

# छेरछेरा पर्व पर घर-घर गूंजे पारंपरिक गीत, नई फसल का अन्नदान



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर सहित बीजाझोरी, घुकसा, जेवडन, दौजरी एवं बांझीमौहा गांवों में छेरछेरा पर्व पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तथा साधु-संतों की वेशभूषा में ग्रामीणों ने गांव की गलियों व मोहल्लों में भ्रमण करते हुए घर-घर जाकर भजन-कीर्तन एवं छेरछेरा गीत गाए। इस दौरान ग्रामीणों ने किसानों के घरों से नई फसल का अन्न दान स्वरूप प्राप्त किया। मान्यता के अनुसार नई फसल के आगमन पर धान को भिक्षा के रूप में मांगने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। छेरछेरा गीतों के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारे, सेवा और दान की भावना को प्रोत्साहन मिलता है। ग्रामीणों ने बताया कि भारत देश को भारत माता तथा छत्तीसगढ़ को छत्तीसगढ़ महतारी के नाम से जाना जाता है। छत्तीसगढ़ धान की कटोरी के रूप में प्रसिद्ध है और यहां की कृषि परंपरा में छेरछेरा पर्व का विशेष महत्व है। छेरछेरा के दौरान प्राप्त अन्न दान को बसंत पंचमी के दिन सामूहिक रूप से गांव की गौठान में एकत्र कर गौमाता के लिए खीर-पूरी सहित अन्य पकवान बनाकर भोग अर्पित किया जाता है, जिसे अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। छेरछेरा पर्व के आयोजन से ग्रामीण संस्कृति, लोक परंपरा और सामूहिक सहभागिता का सुंदर दृश्य देखने को मिला, जिससे गांवों में उत्साह और सांस्कृतिक चेतना का वातावरण बना रहा।

# जिला अस्पताल के ट्रांसफार्मर से सड़क सुरक्षा पर खतरा, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला अस्पताल में बिजली सप्लाई के लिए स्थापित ट्रांसफार्मर रोड किनारे मोड़ पर स्थित है। जिला न्यायालय की ओर से आने वाले वाहन अक्सर इस ट्रांसफार्मर के बहुत पास से गुजरते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। रात के समय ट्रांसफार्मर का कोई चेतावनी बोर्ड नहीं होने के कारण दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा संकेतक लगाना चाहिए ताकि लोगों को हादसे ना हो।

**खबर संक्षेप**

## त्रिशा पब्लिक स्कूल गोछिया में खेल प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों 1 जनवरी को नये वर्ष के स्वागत में त्रिशा पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम गोछिया में बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, जिसमें बच्चों ने खो-खो, रस्सी दौड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, बैलून बैलेंस, बॉटल कलेक्ट और फुगड़ी जैसे खेल में भाग लिए। इसमें सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपनी योगदान दिए ताकि विद्यार्थियों का खेल की क्षेत्र में भी सर्वांगीण विकास अधिक से अधिक किया जा सके, इस खेल प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को प्राचार्य भवतारन मानिकपुरी द्वारा पुरस्कार वितरण भी किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं जिसमें श्रीमती मोहिनी मानिकपुरी, श्रीमती सुषमा कौशिक, श्रीमती आकांक्षा कौशिक, श्रीमती केश्वरी कौशिक, लुकेश्वरी कौशिक, दुर्गा कौशिक, कल्याणी वैष्णव, सोनल भट्ट और विद्यालय के सहायक मोरध्वज कौशिक, आदित्य कौशिक सभी शामिल होकर खेल प्रतियोगिता के कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से संपन्न कराया।

# कंझेटा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कंझेटा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा संचालित निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से 100 से अधिक ग्रामवासियों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से पंडरिया विधानसभा सहित जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के ग्रामवासियों को नियमित रूप से निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे दूरदराज के ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। इस मोबाइल हेल्थ लैब में 20 से अधिक प्रकार के गंभीर एवं सामान्य रोगों से संबंधित परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा उन्हें घर के पास ही जांच की सुविधा मिलने से राहत मिली है।

# अरहर की फसल पर मौसम की मार, ग्रामीण किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। सुबह-सुबह बादल छाने से अरहर की फसल में कीट प्रकोप की आशंका के कारण ग्रामीण किसानों की चिंता बढ़ गई है। वर्तमान में किसानों के खेतों में लहलहा रही अरहर के पौधे परिपक्व हो चुके हैं तथा उनमें फूल व फल लगकर तैयार अवस्था में हैं। लेकिन पिछले दो तीन दिनों से बदली के कारण अरहर की फसल में कीट प्रकोप का खतरा बढ़ गया है। मिली जानकारी के अनुसार यदि इस दौरान बूंदाबांदी होती है तो अरहर फसल के फूल व फल क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, जिससे उत्पादन पर गहरा प्रभाव पड़ने की संभावना है। जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका सता रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि क्षेत्र में अरहर फसल पककर तैयार हो चुकी है। ऐसे समय में लगातार बदलता मौसम किसानों के लिए चिंता का विषय बन गया है। बूंदाबांदी व बारिश के कारण खेतों में तैयार फसल को नुकसान पहुंचने की संभावना बढ़ गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक हानि हो सकती है। इसी को लेकर क्षेत्र के किसान चिंतित नजर आ रहे हैं और मौसम साफ रहने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि उनकी मेहनत पर पानी न फिर जाए।

# शहर व ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छेर-छेरा पर्व



- बच्चों, युवाओं और महिलाओं की टोलियों ने गांव गांव में घूम-घूमकर छेरछेरा मांगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव, बसनी, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला, पीपरमाटी, कुआंमालगी, कुण्डा व दामापुर सहित आस-पास के क्षेत्रों में छेरछेरा पर्व बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। यह त्यौहार मुख्य रूप से दान और फसल उत्सव के रूप में जाना जाता है, पौष मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस पर्व का खास महत्व है। इस दिन लोग अपने घरों में आई नई फसल को बांटकर समाज में समानता, दानशीलता और भाईचारे का संदेश देते हैं।

छेरछेरा पर्व पर बच्चों, युवाओं और महिलाओं की टोलियों ने गांव गांव में घूम-घूमकर छेरछेरा, कोठी के धान ल हेरहेरा कहते हुए घर-घर जाकर दान मांगी। लोग इन टोलियों को धान, साग-सब्जी, फल और पैसे खुशी-खुशी दान में देते हैं। यह पर्व आत्मीयता, सहयोग और समर्पण की भावना को प्रकट करता है। पर्व की पौराणिक मान्यता अनुसार छेरछेरा पर्व को लेकर कई पौराणिक मान्यताएं प्रचलित हैं।

एक मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान शिव ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी। इसीलिए इस दिन लोग दान को पुण्य का कार्य मानते हैं। साथ ही, इस दिन को मां शाकंभरी जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। छेरछेरा पर्व नई फसल के घर आने की खुशी को भी दर्शाता है। छेरछेरा पर्व छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह त्यौहार सामाजिक समरसता और एकता को बढ़ावा देता है। इस पर्व के जरिए समाज के हर वर्ग को यह संदेश दिया जाता है कि संपन्न लोग जरूरतमंदों की मदद करें, दान देने की परंपरा से सामाजिक समानता और आपसी सहयोग की भावना प्रबल होती है।

**विद्यार्थियों के प्रस्तुत अनुशासित एवं आकर्षक मार्च-पास्ट ने दर्शकों को प्रभावित किया**

# अभ्युदय स्कूल में 11 वें खेल सप्ताह का ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अभ्युदय स्कूल कवर्धा में 29 दिसंबर से 03 जनवरी तक आयोजित 11 वें वार्षिक खेल सप्ताह का भव्य एवं ऐतिहासिक समापन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, अनुशासन, ऊर्जा एवं खेल भावना से ओत-प्रोत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक मजबूती एवं आपसी सौहार्द को समर्पित रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी (अध्यक्ष नगर पालिका कवर्धा) विशिष्ट अतिथि श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव (न्यायाधीश जिला एवं सत्र न्यायालय कवर्धा) की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही विद्यालय के निर्देशक सपन चोपड़ा, प्राचार्य तोरण साहू, अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा, समस्त शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी समारोह के साक्षी बने। समारोह का शुभारंभ विद्यालय की स्काउट टीम द्वारा अतिथियों को पारंपरिक एस्कॉर्ट के साथ मंच तक लाकर किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। इसके बाद मशाल प्रज्जवलन किया गया, जो खेलों की ऊर्जा, उत्साह एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का प्रतीक रहा। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित एवं आकर्षक मार्च-पास्ट ने दर्शकों को प्रभावित किया, वहीं खिलाड़ियों ने खेल शपथ लेकर ईमानदारी, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ खेलने का संकल्प लिया।

समारोह के दौरान कबूतरों की उड़ान के माध्यम से शांति, सद्भाव एवं भाईचारे का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि खेल बच्चों में आत्मविश्वास, संघर्षशीलता, सहयोग, अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना का विकास करते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को खेलों के लिए भी समान रूप से प्रोत्साहित करें। विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन की शुरुआत वंदे भारत एवं जय हिंद के ओजपूर्ण जयघोष के साथ की। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए सभी को नववर्ष 2026 एवं छेरछेरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह अभ्युदय विद्यालय का 11 वां वार्षिक खेल महोत्सव है, जो हमारी खेल परंपरा, अनुशासन और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। खेलों में प्राप्त विजय केवल जीत का संकेत नहीं, बल्कि परिश्रम, आत्मसंयम और निरंतर प्रयास की पहचान होती है। उन्होंने आगे कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन का प्रशिक्षण है। हार मान लेना असफलता नहीं है, बल्कि हार से डर जाना ही वास्तविक असफलता है। जीत से अधिक महत्वपूर्ण है कोशिश, संघर्ष और आत्मविश्वास।

तदुपरांत खेल जगत में विशेष योगदान देने वाले राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी को विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में खेलों को टीमवर्क, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का आधार बताते हुए कहा कि जीत खुशी देती है, लेकिन हार हमें सीख देती है और वही सीख आगे की सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है।

### विजयी प्रतिभागी टीम को किया सम्मानित

खेलों में क्रिकेट, फुटबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल, व्हॉलीबॉल, लंबी व ऊंची कूद, विभिन्न दौड़, रस्साकशी, रिले रेस, टॉवर रेस, बोरा दौड़, माला रेस, शटल रेस, पानी संतुलन दौड़, सुई-धागा दौड़ सहित अनेक रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए संत कबीर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, डॉ सीवी रमन हाउस ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। अन्य सदनों के खिलाड़ियों के खेल भावना, अनुशासन एवं उत्साह की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। समारोह के अंत में विद्यालय के हेड बॉय एवं हेड गर्ल द्वारा आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## अंचल के मौसम में दिख रहा उतार चढ़ाव

**कवर्धा।** अंचल के मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलते दिखाई दे रहा है। हालांकि मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत भी मिलती दिखाई दे रही है। दरअसल बनते बिगड़ते मौसम के बीच शनिवार को कवर्धा सहित अंचल के आसमान में बदली देखने को मिली। जिससे ठंड का असर कुछ कम देखा जा रहा है। लेकिन जानकारों की माने तो मौसम के साफ होने के बाद एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। वहीं आसामान में छा रही इस बदली ने किसानो और विशेष कर जिले के धान खरीदी प्रबंधकों की चिंता बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि इन हालातों में अगर बेमौसम बारिश की स्थिति निर्मित होती है तो धान खरीदी केन्द्रों में खुले आसामान के नीचे रखे लाखों क्विंटल धान को नुकसान हो सकता है। बहरहाल देखने वाली बात होगी की अंचल को मौसम आगे क्या गुल खिलाता है।

## अंचल में धूमधाम से मनाया गया छेरछेरा पर्व

**कवर्धा।** अंचल में धूमधाम से मनाया गया छेरछेरा पर्व कवर्धा। छेरछेरा पर्व पर छेरिक छेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा, घोष शनिवार को कवर्धा सहित विशेष कर जिले के ग्रामीण अंचलों में सुबह से शाम तक गूंजता रहा। छोटे छोटे बच्चे, युवा एवं बुजुर्गों ने पर्व का खूब आनंद उठाया और घर जा जाकर अन्न एवं धान मांगा। कुछ बच्चों ने बाजे गाजे के साथ अन्न मांगा तो कई लोग टोली बनाकर नाचते हुए घर-घर अन्न मांगने पहुंचे। अंचल में इस बार छत्तीसगढ़ की पारंपरिक छेरछेरा पुन्नी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि धान मिंजाई के बाद गांवों में घर-घर धान का भंडार होता है। जिसके चलते लोग छेरछेरा मांगने वालों को दान करते हैं। छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा। यही आवाज सोमवार को अंचल में गूंजी और दान के रूप में धान और नगद राशि बांटी गई। छेरछेरा पर्व को लेकर विशेषकर ग्रामीण बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और इस पर्व में उन्होने अच्छी कमाई भी कर ली।

**समस्या:** ग्रामीणों में दहशत और चिंता, हो रहा भारी नुकसान, चौकी में शिकायत दर्ज, आरोपी फरार

# दामापुर क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति लगातार पैरावट में लगा रहा आग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के पंडरिया विकासखण्ड की दामापुर पुलिस चौंकी क्षेत्र में इन दिनो कोई अज्ञात व्यक्ति खेतों में रखे किसानो के पैरावट के पीछे हाथ धो कर पड़ गया है। बताया जाता है कि इस अज्ञात व्यक्ति द्वारा मौका पाते ही पैरावट में आग लगा दी जाती है जिससे देखते ही देखते पैरावट राख के ढेर में तब्दील हो जाता है। इस तरह की आगजनी से न सिर्फ किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है बल्कि ग्रामीणों के पशुओं के मुंह से भी निवाला छिन रहा है जिसे लेकर ग्रामीण किसान न सिर्फ चिंतित है बल्कि उनमें दहशत भी देखी जा रही है। हालांकि ग्रामीणों ने लगातार हो रही इस तरह की आगजनी की घटनाओं को देखते हुए मामले की रपट दामापुर पुलिस चौकी में दर्ज करा दी है लेकिन अभी तक अज्ञात आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीण सालिक राम यदू, मनिकाराम यदू, रामकिशोर, वैष्णव उमेद यदू, अश्वनी यदू आदि ने बताया कि बीते कुछ दिनो से दामापुर पुलिस चौंकी क्षेत्र के ग्राम जैतपुरी, पटुवा, डोंगरिया, अतरिया सहित अन्य गांवों में किसानों द्वारा खेतों में रखे गए पैरावट में आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। ग्रामीणों के मुताबिक धान कटाई से लेकर अभी तक करीब 20 किसानो के पैरावट को आग के हवाले कर राख कर दिया गया है। पहले-पहले तो ग्रामीण इसे सामान्य अग्नि दुर्घटना मान रहे थे। लेकिन जब बीते चार दिनो से लगातार क्षेत्र के किसी न किसी किसान के पैरावट में आग लगने की घटना सामने आई तो ग्रामीण किसानो को यह समझने में देर नहीं लगी कि यह कोई सामान्य अग्नि दुर्घटना नहीं बल्कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझ कर की जाने वाली आगजनी है। जिसके बाद चौकस ग्रामीणों ने अपने पैरावट की सुरक्षा के लिए रतजगा करना भी शुरू कर दिया और ग्रामीणों ने दावा किया है कि शनिवार की तड़के उन्होने किसी अज्ञात व्यक्ति को ग्राम डोंगरिया के एक खेत में रखे पैरावट में आग लगाते देखा जिसके बाद उन्होने आग पर काबू पाने और अज्ञात व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों के दोनो ही प्रयास सफल नही हो पाए। जिसके बाद ग्रामीणों ने इस अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अब दामापुर पुलिस चौकी में रपट दर्ज कराई है। अब देखने वाली बात होगी कि ग्रामीण किसानो के पैरावट का दुश्मन बना यह अज्ञात आरोपी कब तक पुलिस की पकड़ में आता है।

**पीड़ित किसानों ने दर्ज कराई शिकायत**



क्षेत्र में लगातार हो रही इन आगजनी की घटना के बाद पीड़ित किसान लखपति विश्वकर्मा ने इसकी शिकायत करीब 15 दिन पूर्व कुण्डा थाना के दामापुर पुलिस चौंकी में दर्ज कराई थी लेकिन बताया जाता है कि पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक अज्ञात व्यक्ति को नहीं खोजा गया है और क्षेत्र में आगजनी लगातार जारी है। जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत और चिंता व्याप्त है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बीच अभी हाल ही में ग्राम डोंगरिया खुर्द में 125 एकड़ के धान खरही में आग लगने और ग्राम जैतपुरी में करीब 40 एकड़ के पैरावट में भी आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी है।

# कवर्धा की बेटी रिया तिवारी ने देश के लिए गोल्ड मेडल जीत कर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर की बेटी रिया तिवारी ने तमाम संसाधनों के आभाव में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराया है और नगर सहित व प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना (बिहार) में 27 से 29 दिसंबर 2025 तक आयोजित दक्षिण एशियाई बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में रिया तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 35-13, 35-13 के बड़े अंतर से पराजित कर गोल्ड मेडल जीता। यहां बताना लाजिमी होगा कि रिया तिवारी एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता राजेश कुमार तिवारी एक छोटे व्यापारी हैं, जिनकी सीमित आय से परिवार की आजीविका चलती है। आर्थिक तंगी कई बार रिया के सपनों के आड़े आई, लेकिन पिता का विश्वास कभी कमजोर नहीं पड़ा। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेटी को शामिल कराने के लिए पिता को कर्ज तक लेना पड़ा, लेकिन उन्हें पूरा भरोसा था कि उनकी बेटी देश का नाम रोशन करेगी और रिया ने उस भरोसे को सच कर दिखाया। अपनी मेहनत और लगन की बदौलत इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ियों ने विशेष पहचान बनाई है। जिनमें कबीरधाम की रिया तिवारी का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा। पूरे टूर्नामेंट में रिया ने अनुशासन, आत्मविश्वास और बेहतरीन खेल का परिचय दिया। अपनी सफलता का श्रेय रिया ने अपने कोच और माता-पिता के अटूट समर्थन को दिया है। रिया का कहना है कि आर्थिक अभाव आज भी कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से नैतिक और आर्थिक सहयोग की अपील की है, ताकि ग्रामीण और छोटे शहरों की बेटियां भी बड़े सपने पूरे कर सकें।



# हिंदू सम्मेलन में धर्म और संस्कृति के संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

स्थानीय गायत्री चौक में सर्व हिंदू समाज कोदवा मंडल के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदेशों को आत्मसात किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज पर मंडरा रहे संकट को देखते हुए एकजुटता और अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता लाना था। सम्मेलन में विशेष रूप से चित्रकूट और अयोध्या धाम से पधारे संतो ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में उपस्थित जनसमूह को धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है और हर व्यक्ति को जाति पांति एवम ऊंच नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर अपनी जड़ों व परंपराओं से जुड़े रहना चाहिए। श्रद्धालुओं ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के संचालक कमलेश जायसवाल ने बताया कि सम्मेलन के दौरान आगामी 13 से 17 जनवरी तक बोड़ला में आयोजित होने वाले विशाल 'हिंदू संगम' के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि विगत 14 वर्षों से बोड़ला में लगातार हिंदू संगम का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो हिंदू समाज को संगठित करने का एक प्रमुख मंच बन चुका है। संतों और आयोजकों ने सभी ग्रामीणों से इस महोत्सव में सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता रविनंदन पांडेय ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना और सामुदायिक विकास की दिशा में सामूहिक कदम बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि समाज में समानता और एकजुटता से ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और समृद्ध संस्कृति सौंप सकते हैं। इस अवसर पर शिवनंदन पाण्डेय, गंगादीन पटेल, ग्राम पुरोहित मुरारी पाठक, अमरपुर निवासी रामचरित ठाकुर, आयोजक चंद्रकिशोर प्रजापति, कोदवागोडान के अनेक गणमान्य नागरिक, समाज प्रमुख और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



**छेरछेरा पर्व पर छेरिक छेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा...**



कवर्धा। जिले के ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया छेरछेरा पर्व।

## बीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन बायोमेट्रिक उपस्थिति का विरोध



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सहायक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के सभी जिलों एवं विकासखंडों में एक साथ बीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में शुक्रवार 2 जनवरी 2026 को कबीरधाम जिले में फेडरेशन की जिला इकाई द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम को ज्ञापन सौंपा गया। जिला इकाई के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने डीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए बीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति को अव्यवहारिक, तकनीकी रूप से जटिल एवं ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क समस्याओं के कारण शिक्षकों पर अनावश्यक मानसिक दबाव डालने वाली व्यवस्था बताया। शिक्षकों ने कहा कि कई विद्यालय दूरस्थ एवं नेटवर्कविहीन क्षेत्रों में संचालित हैं, जहां ऑनलाइन बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना व्यवहारिक नहीं है। फेडरेशन ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि वर्तमान व्यवस्था पर पुनर्विचार करते हुए ऑफलाइन उपस्थिति प्रणाली को यथावत रखा जाए अथवा तकनीकी एवं भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए व्यवहारिक समाधान निकाला जाए, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। इस अवसर पर जिला संयोजक राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष केशलाल साहू, जिला उपाध्यक्ष नवीन सिंह ठाकुर, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी सहित राजेश कुमार पांडे, शंकरलाल पाली, श्री बंछोर, महेश जयसवाल, रवि कुमार सिंह, शीलू शर्मा, श्रीमती रानी शर्मा, रवि कुमार सिन्हा, प्रकाश धुर्वे, विजय कुमार झारिया, गोपाल चंद्राकर, श्रीमती सविता धुर्वे, बुद्धेश्वरी शर्मा, श्री चंद्राकर एवं अन्य शिक्षक साथी उपस्थित थे।

# शाकम्भरी जयंती में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री, सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण, छेरछेरा पर्व की दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा


माता शाकम्भरी जयंती के पावन अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा कबीरधाम जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित जयंती समारोहों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने माता शाकम्भरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम बेनदरची, मजगांव, सहसपुर लोहारा, लालपुर एवं मोहरा में पटेल समाज द्वारा आयोजित माता शाकम्भरी जयंती समारोहों में सहभागिता करते हुए समाजजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पर्व-परंपरा छेरछेरा की भी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व सामाजिक एकता, दान और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम मजगांव में भोयरा मरार पटेल समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह भवन समाज की सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगा। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि माता शाकम्भरी अन्न, प्रकृति और करुणा की प्रतीक हैं। उनका जीवन और संदेश समाज को आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण की दिशा में प्रेरित करता है। माता शाकम्भरी की उपासना हमें प्रकृति के प्रति सम्मान और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। बेनदरची में उन्होंने पटेल समाज के सदस्यों से संवाद करते हुए क्षेत्र में सड़क, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन, शेड एवं स्टेडियम जैसे विकास कार्यों की जानकारी ली तथा मुख्य मार्ग निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। इस अवसर पर जिला भोयरा मरार पटेल समाज के अध्यक्ष शंकर पटेल, संतोष पटेल, परदेशी पटेल, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, विजय पटेल, बोड़ला जनपद अध्यक्ष राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, लोहारा अध्यक्ष संतोष मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# कोदवागोडान में धूमधाम से मनाई शाकम्भरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

मरार समाज की आराध्य देवी शाकम्भरी महोत्सव आज यहां धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बीचपारा स्थित श्री रामजानकी मंदिर में रामायण पाठ एवं हवन पूजन के पश्चात खीर पूड़ी के साथ हलुआ का प्रसाद वितरण किया गया। घरों में दीपमालिका जला कर खुशियां मनाई गई। वहीं प्रतिवर्षानुसार स्थानीय मरार समाज द्वारा शनिवार को यहां गायत्री चौक में शाकंभरी पूजन का आयोजन भी रखा गया था। जिसके तहत विभिन्न शाक सब्जियों से निर्मित मां शाकंभरी की मनोहर प्रतिमा की विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात सामूहिक हवन और आरती की गई। इसके पहले पूरे गांव में बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वहीं मरार समाज की ओर से भी सार्वजनिक भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। जबकि रात्रिकालीन कार्यक्रम के तहत देवी भजन एवं जस गीत गायन किया गया।



**समाज ने आयोजित किए गए धार्मिक अनुष्ठान और निकाली गई शोभायात्रा**

# कवर्धा सहित अंचल में पटेल मरार समाज ने धूमधाम से मनाई गई मां शाकम्भरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा सहित जिले में पटेल मरार समाज द्वारा मां शाकम्भरी की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिले के कई स्थानो पर समाज द्वारा धार्मिक अनुष्ठान कर मां शाकम्भरी का विशेष श्रृंगार साग, भाजी, फल, फल आदि से कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। वहीं कवर्धा सहित कुछ स्थानो में जयंती के मौके पर पटेल मरार समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें समाज के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। गौरतलब है कि मां शाकंभरी आदिशक्ति दुर्गा का ही एक करुणामयी और पोषण करने वाला स्वरूप हैं। देवी भागवत और मार्कंडेय पुराण के अनुसार जब पृथ्वी पर भयंकर अकाल पड़ा, अन्न, फल और जल समाप्त हो गया, तब माता ने शाक अर्थात साग, फल, कंद-मूल और वनस्पति उत्पन्न कर समस्त सृष्टि का पालन किया। इसी कारण उनका नाम मा शाकंभरी पड़ा, अर्थात जो शाक से संसार का भरण-पोषण करती हैं। वे मां दुर्गा का ही अवतार हैं, जिनका प्राकट्य जीवनरक्षा और लोककल्याण के लिए हुआ। मार्गशीर्ष से पौष के संधिकाल में आने वाली यह नवरात्रि विशेष रूप से मां शाकंभरी को समर्पित होती है। शास्त्रों में इसे गुप्त और फलदायी नवरात्रि माना गया है। इस काल में देवी की आराधना करने से केवल भौतिक नहीं बल्कि जीवन की मूल आवश्यकताओं से जुड़ा संतुलन भी प्राप्त होता है। मां शाकम्भरी की पूजा वे लोग विशेष रूप से करते हैं जो जीवन में बार-बार अभाव, आर्थिक अस्थिरता, भोजन या आजीविका से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे होते हैं। किसान, व्यापारी, गृहस्थ, साधक और वे परिवार जिन पर लंबे समय से दरिद्रता या अकाल जैसी स्थिति का प्रभाव रहा हो, श्रद्धा से इनकी उपासना करते हैं। तांत्रिक और साधना मार्ग पर चलने वाले साधक भी इस नवरात्रि में मां शाकंभरी की आराधना करते हैं, क्योंकि यह देवी जीवन को स्थायित्व देने वाली मानी जाती हैं। मान्यता है कि मां शाकंभरी की साधना से अन्न, धन और संसाधनों की कमी दूर होती है। घर में भोजन, सुख-सुविधा और समृद्धि का प्रवाह बना रहता है। लंबे समय से चला आ रहा आर्थिक संकट धीरे-धीरे शांत होने लगता है। परिवार में रोग, कमजोरी और कुपोषण से जुड़ी समस्याओं में भी राहत मिलती है। मानसिक रूप से व्यक्ति को संतोष, स्थिरता और जीवन के प्रति विश्वास प्राप्त होता है। शास्त्रों में कहा गया है कि मां शाकंभरी की कृपा से प्रकृति भी अनकूल हो जाती है और जीवन पुनः हरियाली से भर उठता है। मां शाकंभरी केवल एक देवी नहीं, बल्कि यह स्मरण हैं कि जब संसार भटक जाता है, तब शक्ति स्वयं माता बनकर जीवन का पालन करती है।



## कलेक्टर ने ली स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों एवं बीईओ के साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि बोर्ड परीक्षा में अब मात्र दो माह का समय शेष है, ऐसे में सभी विद्यालय लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध और परिणामोन्मुखी कार्य करें। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए विशेष रणनीति, नियमित विकली टेस्ट, कठिन पाठ्यक्रम का अलग से रिवीजन, अतिरिक्त कक्षाओं के आयोजन और लेखन शैली व प्रस्तुति सुधार पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने आपार आईडी को शीघ्र अपडेट कराने, जन्मतिथि सहित सभी त्रुटियों को तत्काल सुधारने और वीएसके ऐप में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एफ.आर. वर्मा, सहायक संचालक एमके गुप्ता, विनोद श्रीवास्तव सहित जिले के लगभग 150 शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।